52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.2°c अधिकतम 33.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:59 सूर्यास्त : 6:35 | वर्ष : 52/ अंक : 247 | शुक्रवार, 06 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

कठिन परिस्थितियों में समझदार आदमी रास्ता खोजता है और कमजोर आदमी बहाना ।

हमारे दबाव में आरएसएस जाति जनगणना कराने को राजी हुआ : राहुल गांधी



यह मुद्दा तो गया.... अब कोई और मुद्दा ढूंढिए........

# थम नहीं रहा फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र का धंधा

**▶ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवा कर जयपुर से भगा लाया लड़की ▶ दावा-फर्जी है भोकरहेड़ी के गौरव को जारी प्रमाण पत्र**

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** पालिका दूसरे निकायों में निवास करने वाले लोगों के जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने के मामलों से फिर चर्चाओं में हैं। जन्म प्रमाण पत्र के सहारे एक युवक ने जयपुर से भगाकर लाई अपनी प्रेमिका से विवाह रचा लेने पर लड़की के परिजन कार्यवाही कराने के लिए चक्कर काट रहे हैं। उनके हाथ युवक का यही जन्म प्रमाण पत्र लगा है, जिसकी जांच कराने के लिए वो तैयारी में हैं। वहीं पालिका ने दावा किया है कि युवक द्वारा बनवाया जन्म प्रमाण पत्र फर्जी हैं, ऐसे कई फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र रोज जांच को पालिका में आ रहे हैं। इससे खुद कर्मचारी परेशान हैं।

नगरपालिका परिषद् के नाम पर बड़ा फर्जीवाडा चल रहा है। यहां पर कई ऐसे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र सामने आये हैं, जो लोगों को हैरत व परेशानी बढ़ाने में लगे हैं, वहीं व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं। जयपुर से भगाकर लाई लड़की के प्रकरण में भी पालिका का लिंक जुड़ने से फजीहत बढ़ रही है। जयपुर का एक परिवार करीब एक साल पूर्व शुकतीर्थ शुकदेव आश्रम में श्रीमदभागवत कथा सुनने के लिए यहां धार्मिक यात्रा पर आया था। परिवार में एक लड़की भी थी। सूत्रों का कहना है कि शुकदेव आश्रम में भोकरहेडी का ही एक जोगी परिवार यहां पर उस समय सेवा में लगा था। परिवार के एक लड़के की यहां पर कथा श्रवण के लिए आए परिवार की लड़की से बातचीत हो गई। इस दौरान यह लड़की लड़के के मोहपाश में बंध गई। इसी दौरान लड़के ने लड़की का फोन नम्बर ले लिया था। परिवार वापस जयपुर लौटा लेकिन लड़का-लड़की की फोन पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। चर्चा है कि जून माह में लड़का जयपुर गया और वहां से अपनी प्रेमिका को भगाकर भोकरहेड़ी ले आया। लड़की के गायब होने पर परिजनों ने जयपुर में पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस जांच पड़ताल करते हुए भोकरहेड़ी तक पहुंची और लड़की को जोगी परिवार के घर से बरामद कर लिया। कहा गया कि लड़के ने लड़की और अपने जो दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराये उनमें दोनों बालिग पाये गए, जबकि लड़की के परिजनों का दावा है कि लड़की नाबालिग है।

इस बीच लड़का पक्ष ने कुछ राजनीतिक लोगों के हस्तक्षेप व पुलिस पर दबाव बना लड़की के बयान दर्ज कराये और उसे लड़के के सुपुर्द करते हुए कह दिया कि वो बालिग है, उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकती। इसी बीच लड़के ने लड़की से कोर्ट मैरिज और आर्य समाज में शादी कर ली। लड़की के परिजनों ने कागज निकलवाये तो उनमें उन्हें लड़के का जन्म प्रमाण पत्र भी लगा, जो नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर से 7 अगस्त 2024 को ऑनलाइन जारी किया गया है। बस यहीं से पालिका व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। प्रमाण पत्र पर दर्शाए गये बार कोड को स्कैन करने पर भी पालिका के पोर्टल पर पूरा रिकार्ड दिखाई देता है। इस जन्म प्रमाण पत्र पर आरोपी युवक गौरव कुमार पुत्र संदीप निवासी भोकरहेडी की जन्म तिथि 1 जनवरी 2002 दर्शायी गई है, जबकि भोकरहेडी नगर पंचायत है। ऐसे में वहां जन्मे बालक का जन्म प्रमाण पत्र पालिका परिषद् से कैसे जारी किया गया। इस जन्म प्रमाण पत्र पर दी गई डिटेल के अनुसार 09 सितम्बर 2021 को पंजीकरण होना तो दिखाया है, लेकिन पंजीकरण नम्बर नहीं दिया गया। वहीं प्रमाण पत्र संख्या भी नहीं दी है। लड़की के परिजन नगरपालिका भी पहुंचे और प्रमाण पत्र की सत्यता जानने का प्रयास किया तो उन्हें बताया गया कि गौरव कुमार का प्रमाण पत्र फर्जी है।

## गर्भवती के ऑपरेशन में लापरवाही पर हंगामा

**खतौली, 5 सितंबर (बु.)।** सीएचसी में महिला चिकित्सक पर लापरवाही से गर्भवती का ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए परिजनों के हंगामे और महिला चिकित्सक पर ऑपरेशन के लिए अवैध वसूली करने, अभद्रता का आरोप लगाए जाने की मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

खतौली के गांव भैंसी निवासी रुखसार पत्नी शमशेर को प्रसव पीड़ा होने के बाद पांच दिन पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। इस दौरान चिकित्सकों ने उसका ऑपरेशन करने की बात कही थी। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन करने के लिए महिला चिकित्सक ने उनसे आठ हजार रुपये भी लिए थे। ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इस पर महिला को मेरठ एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। विगत दिवस रुखसार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। बुधवार रात महिला के परिजन, ग्रामीणों ने सीएचसी पहुंच कर हंगामा किया। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डा. अवनीश कुमार का कहना है कि शाम के समय गांव भैंसी से रुखसार के परिजन और ग्रामीण आए थे। वह महिला के इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे, जिसमें महिला चिकित्सक पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजन पूरे मामले की जांच जिला स्तर पर गठित कमेटी से कराने की मांग कर रहे थे। जिस पर उन्होंने एक प्रार्थना पत्र सीएमओ को भेजा। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

## सोरम में बंदरों के हमले से महिला घायल

**शाहपुर, 05 सितम्बर (बु.)।** गांव सोरम में अपने घेर में सफाई कर रही एक महिला पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिसमें महिला घायल हो गई। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी महिला कमलेश पत्नी प्रमोद प्रातः काल अपने घेर में सफाई कर रही थी। इसी दौरान घेर में स्थित पेड़ पर मौजूद बंदरों ने महिला पर हमला कर दिया, जिसमें महिला घायल हो गई। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बंदरों को भगाया। महिला का निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया है। ग्रामीण रविंद्र कुमार, अनन्त, दिनेश व रमेश आदि ने प्रशासन व वन विभाग से गांव में मौजूद बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।



# शिक्षा आत्मविजय की प्रक्रिया है, शिक्षक अंधकारमय जीवन में उजाले की किरण

**▶ माननीय राज्यपाल ने दिए 71 स्वर्ण पदक एवं 25181 उपाधि ▶ मैं स्वयं भी राज्यपाल नहीं बल्कि शिक्षक हूँ ▶ कुलपति ने दिलाई उपाधि प्राप्तकर्ताओं को शपथ, दिया दीक्षोपदेश**

**सहारनपुर, 05 सितम्बर (बु)।** माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में जनमंच सभागार में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल महोदया द्वारा 06 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 63 कुलपति स्वर्ण पदक, 02 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए गये। यूनिवर्सिटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह में कुल 25181 छात्रों को उपाधियां दी गयी। उपाधियों को हस्ताक्षर कर डिजीलॉकर पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया गया। इसमें 7808 छात्र एवं 17373 छात्राएं शामिल रहे।

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा आंगनवाडी कार्यकत्रियों को 100 का किट वितरण किया गया। इसमें सांकेतिक रूप से 10 किट जनमंच सभागार में वितरित की गयी। साथ ही प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को राजभवन से प्राप्त पुस्तकें प्रदान की गयी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्कूल बैग, फल, मिष्ठान का वितरण किया गया। विद्यालयों के कक्षाओं के समूह बनाकर भाषण, चित्रकला, कहानी कथन प्रतियोगिताओं के प्रथम स्थान पर आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गये। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह की महत्ता बताते हुए कहा कि अंतिम वर्ष तक इंतजार करने के बाद यह अवसर आता है। इसका सभी छात्र-छात्राओं के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होने कहा कि





इस दीक्षांत समारोह में अभिभावकों को शामिल किया गया है जिससे अभिभावक अपने बच्चे के जीवन में आए इस महत्वपूर्ण पल को प्रत्यक्ष रूप से देख सकें और खुशी का एहसास कर सकें। उन्होने कहा कि हर बच्चे की जिम्मेदारी है कि पहले की परिस्थितियों से शिक्षा पाने से वंचित हो चुके तथा इच्छुक अभिभावकों को भी शिक्षा प्राप्ति का अवसर उपलब्ध करवाएं। माननीय राज्यपाल ने कहा कि आज परिवर्तन का युग है। यह दीक्षांत समारोह इस परिवर्तन के युग का प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसमें 80 प्रतिशत छात्राओं एवं 20 प्रतिशत छात्रों को उपाधि मिली है। शिक्षा के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में प्रगति की जा सकती है। मेहनत और प्रयास करने की

शेष - पृष्ठ-4 पर

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**खतौली, 5 सितम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी पुलिस चौकी के निकट हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को नेशनल हाइवे स्थित गांव भैंसी पुलिस चौकी के निकट एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त न होने पर पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## भाकियू का 9 सितंबर का धरना स्थगित

**भाकियू अध्यक्ष चौ.नरेश टिकैत की एसएसपी से वार्ता में हुआ फैसला**

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत की एसएसपी से हुई वार्ता के बाद यूनियन द्वारा 9 सितंबर से एसएसपी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी वापस ले ली गई है। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि 9 सितंबर को एसएसपी मुजफ्फरनगर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर द्वारा दी गई थी। भाकियू की चेतावनी के बाद एसएसपी ने भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत जी को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा की साथ भाकियू के बड़े पदाधिकारियों की वार्ता आज एसएसपी आवास पर सम्पन्न हुई। चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि भाकियू कार्यकर्ताओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ता में भाकियू की शिकायतों को एसएसपी अभिषेक सिंह ने गंभीरता से लेते हुए कई का मौके पर निस्तारण किया और बाकि पर विधिपूर्वक कार्यवाही का वादा किया। एसएसपी मुजफ्फरनगर के आश्वासन पर 9 सितंबर का भाकियू का मुजफ्फरनगर एसएसपी कार्यालय पर धरना स्थगित कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा है कि अपनी तैयारी लगातार रखें। यदि वार्ता के अनुसार निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। वार्ता में जहीर फारूकी, नवीन राठी, नीरज बालियान, कपिल सोम, मोनू पंवार, गुलबहार राव शामिल रहे।

## जेवरात चोरी के मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** सर्राफ की दुकान से चोरी के मामले में शहर कोतवाली में पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला नवाबगंज पूर्वी निवासी सर्राफ शुभम जैन ने बताया कि उसके अपने पिता मनोज जैन व भाई तन्मय जैन के साथ साझेदारी की फर्म जैन आभूषण पैलेस है। आरोप है कि उनकी फर्म से अर्पित वर्मा निवासी चौड़ी गली नई मंडी सोने के जेवरात खरीदता था। आरोप है कि उसने 28 अगस्त को उनकी दुकान से 527 ग्राम सोने के जेवरात चोरी कर लिए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चैक करने पर उन्हें इस बात की जानकारी हुई। उसके बाद उन्होंने पिछले कई दिनों की फुटेज चैक की, तो वह दुकान से जेवरात चोरी करता हुआ दिखाई दिया। इस मामले की जानकारी आरोपी को दी गयी, तो उसने सोने के जेवरात के पैसे वापस करने का वायदा किया। उसके बाद उसके पिता दुकान पर आए और जेवरात के पैसे देने का वायदा किया, लेकिन पैसे नहीं दिए गए। आज इस संबंध में थाने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## सुल्तानपुर में एक लाख का ईनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर 05 सितम्बर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुरुवार को जिले की कोतवाली देहात क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख इनामी राशि वाले बदमाश मंगेश यादव को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देहात कोतवाली थाना के बाईपास स्थित मिश्रपुर पुरैना गांव के पास पुलिस दल ने शातिर बदमाश को घेर कर ललकारा जिस पर बदमाश ने पुलिस दल पर फायरिंग शुरु कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारा गया बदमाश बक्शा थाना अंतर्गत अंगरौरा गांव का निवासी था। वह चौक घंटाघर डकैती कांड में वांछित था और इस पर एक लाख रुपये का ईनाम घोषित था।

### सुल्तानपुर मुठभेड़ कोअखिलेश यादव ने बताया फर्जी, कहा जात देखकर मारी गोली

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में सराफा व्यापारी के यहां हुई दिनदहाड़े डकैती के आरोपी बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ पर कहा कि समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है नकली एनकाउंटर नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है। उन्होंने एक्स पर कहा कि लगता है सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था, इसीलिए तो नकली एनकाउंटर से पहले मुख्य आरोपी से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गयी और जात देखकर जान ली गयी। जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी पूरा वापस होना चाहिए और सरकार को मुआवजा अलग से देना चाहिए क्योंकि ऐसी घटनाओं का जो मानसिक आघात होता है उससे उबरने में बहुत समय लगता है, जिससे व्यापार की हानि होती है, जिसकी क्षतिपूर्ति सरकार करे। नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं। समाधान नकली एनकाउंटर नहीं, असली कानून-व्यवस्था है। भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है।

## बढ़ीवाला खादर गांव में फायरिंग से मचा हड़कंप

**पुरकाजी, 05 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के रजकल्लापुर गांव में दो पक्षों में चले आ रहे विवाद के चलते एक पक्ष द्वारा बढ़ीवाला गांव में सामान खरीदने गए लोगों पर फायरिंग की घटना से सनसनी मच गई। बताया गया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के रजकल्लापुर खादर गांव के रवि व नीटू पक्षों में पुराना विवाद बना चला आ रहा है। गुरूवार में रवि के पिता 55 वर्षीय मुकेश व 52 वर्षीय ब्रजवीर सामान खरीदने नजदीकी गांव बढ़ीवाला खादर में गए थे, जहां कुछ लोगों ने उनको घेरकर फायरिंग कर दी, जिससे बचने को वे भागकर ईख के खेतों में घुस गए। इस दौरान आरोपियों ने मुकेश व ब्रजवीर को घायल कर दिया गया। एक व्यक्ति छर्रे लगने व दूसरे पर ईटों से हमले की बात सामने आ रही है। सूचना पर पुरकाजी पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी फरार हो गए। घटना से हडकंप मच गया। घायलों को पुरकाजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना प्रभारी सुनील कसाना ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं गांव के जसबीर आदि तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## विद्युत चैकिंग करने गई टीम को दौड़ाया

**छपार, 05 सितम्बर (बु.)।** विद्युत चैकिंग करने जेई के नेतृत्व में गांव में गई विद्युत टीम के साथ दुर्व्यवहार किया गया। टीम ने भागकर जान बचाई। घटना का वीडियो भी वायरल हो गया। मामले में विद्युत जेई ने थाना छपार में एक व्यक्ति को नामजद तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के खुड्डा विद्युत उपकेन्द्र के जेई मनोज उपाध्याय, लाइनमैन लोकेन्द्र, पंकज कुमार, मोहसिन के साथ खामपुर गांव में तमरेज के मकान पर विद्युत चैकिंग को गए थे। इस दौरान विद्युत टीम ने मीटर चैक किया, तो उसमें रीडिंग कम होने की बात सामने आई। इस दौरान महिलाओं के साथ आरोपियों ने विद्युत टीम को मारपीट कर दौड़ा दिया। कर्मियों ने भागकर जान बचाई। विद्युत जेई द्वारा छपार थाने पहुंचने के बाद मौ. कैफ व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संगम और आश्रम होटलों के नाम ना बदले तो 7 सितंबर को सीधी कार्रवाई करेंगे यशवीर आश्रम

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** बघरा आश्रम के यशवीर महाराज ने कहा है कि हिंदू नामों से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा होटल व ढाबे चलाने का हर हाल में विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों द्वारा संगम और आश्रम नाम से खोले गए होटलों के नाम तत्काल ना बदले तो सात सितंबर को वे स्वयं इन नामों को बदलने के लिए जाएंगे।



आज एक बयान में यशवीर महाराज ने कहा कि कावड़ यात्रा के समय नेम प्लेट पर जो आंदोलन चलाया गया था। इसके बाद मुज़फ़्फ़रनगर में मुसलमानों द्वारा होटल, ढाबे व खाद्य पदार्थ की दुकान पर मुसलमानों ने हिंदू देवी देवताओं के नाम जो नाम लिखे हुए थे, उनमें देवी देवताओं के नाम को हटाकर उनके वास्तविक मुस्लिम नाम पर लिखे गये थे। इनमें एक सलीम शुद्ध भोजनालय का नाम बदलकर संगम शुद्ध भोजनालय लिखा गया था लेकिन उसने अब फिर सलीम शुद्ध भोजनालय को बदलकर के संगम शुद्ध भोजनालय कर दिया है। उन्होंने कहा कि यही इन लोगों का षड्यंत्र है कि सनातन धर्म के देवी देवताओं का नाम दुरुपयोग करके हिंदू तीर्थ स्थान का नाम का दुरुपयोग करके हिंदुओं को भ्रमित करके हिंदुओं के धर्म को भ्रष्ट करने के लिए भोजन को दूषित करके दिया जाता है। इसमें थूकना मूत्र मिलाना को गौमांस मिलाना या हिंदुओं को नपुंसक बनाने के लिए दवा का प्रयोग करना शामिल है। मुजफ्फरनगर में ही सिसौना के पास आश्रम रेस्टोरेंट के नाम से होटल खोला गया है। बागोवाली के मुस्तफा नाम के व्यक्ति के द्वारा यह होटल खोला गया है। सनातन धर्म के नाम का अपने होटल पर लिखकर सीधे-सादे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। दोनों के पास 7 सितंबर तक का समय है। यदि इन्होंने अपने होटल से संगम और आश्रम नाम नहीं हटाया तो स्वामी यशवीर महाराज 7 सितंबर को 11:00 हिंदू समाज को साथ लेकर इनके होटल से आश्रम और संगम को हटाने जायेंगे। हम किसी भी कीमत पर संगम और आश्रम के नाम से इन दोनों मुसलमानों को होटल नहीं चलाने देंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी आग्रह किया है इसको संज्ञान में ले और कार्यवाही करे। सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश दिया है किसी को नाम लिखने को बाध्य नहीं किया जाये, लेकिन भारत के मुसलमानों को सनातन धर्म के देवी देवताओं व तीर्थ स्थल का नाम दुरूपयोग करने का अधिकार किसने दिया है। हमें ये लडाई सड़क पर उतरकर मजबूती से लड़नी है। इनको होटल ढाबे चलाने हैं चलायें पर सनातन धर्म के नाम का प्रयोग किसी भी कीमत पर नहीं करने देंगे।

## पालिका बना रही बकायेदारों की सूची, होगी वसूली

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका राजस्व की बढ़ोतरी की दिशा में शुरू प्रयासों के बीच अब बड़े बकायेदारों की कुंडली खंगालने में जुटे हैं। टैक्स विभाग ने एक लाख से अधिक हाउस व वॉटर टैक्स के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करने के साथ अभियान शुरू करने के कर निर्धारण अधिकारी ने निर्देश दिए हैं। सूची तैयार होने के बाद बड़े बकायेदारों को बकाया टैक्स जमा करने के लिए नोटिस भेजे जाएंगे। इसके बाद बकाया टैक्स जमा न किए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। शासन स्तर से पालिका को 267.81 लाख हाउस टैक्स और 267.81 लाख वॉटर टैक्स वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आगामी 31 मार्च तक नगरपालिका परिषद को लक्ष्य पूरा करना है। पालिका ने अभी तक करीब 68.92 लाख हाउस टैक्स और करीब 69.71 लाख रुपए वॉटर टैक्स को वसूल किया है।

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने पालिका की आय बढ़ाने के साथ राजस्व वसूली बढ़ोत्तरी के लिए बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करने के राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए है। इसके चलते अब पालिका कर विभाग के द्वारा एक लाख से अधिक के हाउस व वॉटर टैक्स के बकाएदारों को चिन्हित करने के साथ ही उनकी सूची तैयार की जा रही है। सूची तैयार करते हुए बकायेदारों को नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस के बाद भी अगर बकायेदारों ने टैक्स की धनराशि पालिका में जमा नहीं की तो विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट के बाद अब अन्य विभागों में होगी पेपरलेस व्यवस्था

**एडीएम वित्त ने कर्मचारियों को दिए इससे जुड़े जरुरी टिप्स**

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** जिला प्रशासन की ओर से शुरू कवायदों के बीच अब जनपद में सरकारी कार्यालयों को पेपरलेस करने की कवायद तेज हो गई है। इस उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न कार्यशाला में वहां मौजूद रहे अधिकारियों एवं कर्मियों को सीएफएमएस के माध्यम से अब सरकारी विभागों में निकासी एवं भुगतान की ऑनलाइन प्रक्रिया के साथ पेपरलेस कार्य किए जाने के टिप्स दिए गए। इसके उपरांत तमाम कर्मचारी भविष्य में अपने-अपने दफ्तरों में ऑनलाइन कार्य करेंगे। इसके लिए किसी को पेपर के माध्यम से कागज प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं होगी।



जिला पंचायत सभागार में एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कार्यशाला में कलेक्ट्रेट को पेपरलेस करने के बाद अब अन्य विभागों को इससे जोड़े जाने की पहल शुरू की गई है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को इसके प्रति अभी से तैयार होने के साथ सरकारी विभागों में निकासी एवं भुगतान के साथ अन्य कार्यो को भविष्य में ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेपरलेस वर्क कल्चर को ऐसे में बढ़ावा देने से समय की बर्बादी के साथ कागज की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में सभी विभागों में पेपरलेस कार्य होगा। कोई भी बिल बनाने एवं अन्य कार्यो के साथ इस अभियान में सहयोग देगा। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट में पेपरलेस कार्य की सफलता के बाद अब जनपद के अन्य विभागों में इसका प्रयोग किया जाएगा।

**श्रद्धांजलि एवं शोक सभा**



अत्यन्त दुखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री रामगोपाल अग्रवाल (पुत्र स्व. रामविलास अग्रवाल जी)**

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 27 अगस्त 2024 को प्रातः 2:00 बजे प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी आत्मिक शांति के लिए **श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी** दिनांक 06.09.2024, दिन-शुक्रवार दोपहर को होनी सुनिश्चित हुई है। अतः आपसे निवेदन है कि उक्त तिथि में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें ।

**शुक्रवार, 06 सितम्बर 2024**

हवन ........ प्रातः 8:00 बजे
ब्रह्मभोज ........ प्रातः 11:00 बजे
रस्म पगड़ी (शोक सभा) ........ दोपहर 2:00 बजे

**स्थान: मधुर मिलन बैंकट हॉल,**
निकट कूकड़ा ब्लॉक चौराहा, श्री बालाजी मंदिर रोड, पेट्रोल पम्प के पीछे, मुजफ्फरनगर

— शोकाकुल परिवार —

श्रीमती राज अग्रवाल (धर्मपत्नी)
सोरभ अग्रवाल - अंकिता अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु)
राजेन्द्र कुमार गुप्ता (भाई)
श्री कृष्ण अग्रवाल-मधु अग्रवाल (भाई-भाभी)
मनोज-दीपा अग्रवाल (भतीजे-भतीजबहू)
पुरुषोत्तम-शालनी अग्रवाल (भतीजे-भतीजबहू)
अमित-भारती अग्रवाल (भतीजे-भतीजबहू)
राहुल-रिया अग्रवाल (भतीजे-भतीजबहू)
रोहित-हिमानी अग्रवाल (भतीजे-भतीजबहू)
सुमित-चेतना गुप्ता (भतीजे-भतीजबहू)
विवान अग्रवाल (पौत्र)

विपिन-श्वाती अग्रवाल (दामाद -पुत्री)
तेजश, दिया (धेवता, धेवती)

— प्रतिष्ठान —

- अग्रवाल सोरभ एण्ड एसोसिएट्स (सी०ए०)
- अग्रवाल राहुल एण्ड एसोसिएट्स (सी०ए०)
- मै० तिरूपति इण्डस्ट्रीज, मु०नगर
- मै० तिरूपति ट्रेडर्स, मु०नगर
- मै० तिरूपति पोलीफैब, मु०नगर

**निवास स्थान:-** 109-बी, नई मण्डी, वकील रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
**सम्पर्क सूत्र :** 9149390524, 9412210099, 9760006092, 7579589705

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 06 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1552: समंदर के रास्ते पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाला पहला जहाज विक्टोरिया आज ही के दिन स्पेन लौटा था। 1848: अमेरिकी राज्य ओहियो के शहर क्लीवलैंड में राष्ट्रीय अश्वेत सम्मेलन। 1901: अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले को गोली मार दी गई थी। आठ दिन बाद उनकी मौत हो गई थी। 1914: फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारम्भ हुआ। 1916: पहला सुपर मार्केट अमेरिका के टेनेसी में खुला। 1924: इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफल। 1929: फि ल्म निमार्ता यश जौहर का जन्म हुआ । 1939: दक्षिण अफ्रीका ने नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की। 1958: अमेरिका ने अटलांटिक सागर में परमाणु परीक्षण किया। 1965: भारतीय सेना ने तीन जगहों से सीमा पार कर पश्चिमी पाकिस्तान पर हमला किया था। 1969: अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली। आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। 1972: हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दिग्गज उस्ताद अलाउद्दीन खान का निधन हुआ। 1988: सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1988: 11 साल की उम्र में थॉमस ग्रेगोरी इंग्लिश चैनल पार करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बने। 1991: सोवियत संघ ने तीन बाल्कन राष्ट्रों एस्टोनिया, लाट्विया और लिथुआनिया को 50 साल के कम्युनिस्ट शासन से आजाद किया था। 1997: बिट्रेन ने एक हफ्ते तक शोक मनाने के बाद प्रिंसेस डायना को अंतिम विदाई दी थी। 2000: संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। 2007: इजराइल ने ऑपरेशन ऑर्चर्ड चलाते हुए सीरिया के न्यूक्लियर रिएक्टर को उड़ाया था। 2008: डी. सुब्बाराव ने भारतीय रिजर्व बैंक के गर्वनर का कार्यभार संभाला। 2011: नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा रेखा सुरक्षा के लिए सीमा पर लगाई गई फ्लड लाइटों के कारण अंतरिक्ष से दिखाई देने वाली विश्वकी सर्वाधिक जगमग सीमा रेखा है। 2012: अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए बराक ओबामा डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार बने। 2018: उच्चतम न्यायालय ने 1861 के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 को रद्द करने का आदेश जारी किया।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 73650 | चांदी- | 84450 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 54970 |

## आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 06 सितम्बर, 2024

**मेष-** व्यावसायिक प्रगति, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, मांगलिक आयोजन सम्पादित, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, धार्मिक यात्रा का सुयोग।

**वृषभ-** मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, आय के नवीन स्रोत, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, आमोद-प्रमोद के साधन।

**मिथुन-** आज रात्रि 11/01 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।

**कर्क-** आज रात्रि 11/01 बजे तक समय शुभ, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, शेष समय में आर्थिक पक्ष से असंतोष, जीवनसाथी से कष्ट।

**सिंह-** आर्थिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित, धर्म में रुचि, शुभ समाचार से घरेलू वातावरण सुखद, मौज-मस्ती में अधिक व्यय।

**कन्या-** प्रियजनों के माध्यम से समस्या का समाधान, राजनीतिक कृत्यों में रुझान, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति, कठिनाइयों का निवारण, यात्रा संतोषजनक।

**तुला-** आज रात्रि 11/01 बजे तक प्रतिकूलता, स्वास्थ्य विपरीत, बात-बात पर क्रोध, यात्रा निष्फल, शेष समय में बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, प्रतियोगिता में सफलता।

**वृश्चिक-** आज रात्रि 11/01 बजे तक अभिलाषा की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, आत्मिक शांति, शेष समय में इच्छित कार्यों में अड़चनें, दाम्पत्य तनाव, गलतफहमी।

**धनु-** कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम, आपसी सलाह से कामयाबी, उत्तरदायित्व का निर्वाह।

**मकर-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, प्रतियोगिता में सफलता, विरोधी असफल, आपसी गलतफहमियाँ दूर, यात्रा सुखद।

**कुम्भ-** आज रात्रि 11/01 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असंतोष, विचारों में उग्रता, शेष समय में नवयोजना दृष्टिगत, मांगलिक आयोजन सम्पादित।

**मीन-** आज रात्रि 11/01 बजे तक व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, संतान पक्ष का उत्कर्ष, धन लाभ, शेष समय विपरीत, दूसरों की भूल से स्वंय की हानि, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## डीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का तिलक लगाकर अभिनंदन



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। डी एस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं का अभिनंदन किया। विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई कार्ड तथा उपहार भी भेंट किये। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में स्किट, गीत, डांस कविताओं तथा मनोरंजक खेलों आदि पर प्रस्तुति देकर अपने टीचर्स के प्रति अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल मैनेजर सुधीर शर्मा, स्कूल डायरेक्टर रेनू शर्मा, एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन तथा स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षा दर्शन तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान एवं उनके विचारों को विस्तार से समझाया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान में तिलक उत्सव का आयोजन किया, जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। सम्मान से सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बहुत ही अभिभूत नजर आए। गुरूओं के सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुति देकर किया। कार्यक्रम में लघु नाटिका द्वारा शिक्षक की भूमिका तथा उसके महत्व को प्रदर्शित किया। इसके उपरांत शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए कई मनोरंजक खेल रखे गए। शिक्षिका शिवानी वत्स ने जीवन में शिक्षक की भूमिका पर सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षिका प्रतिभा एवं आभा शुक्ला ने भी काव्य पाठ किया। एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन तथा प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

# आधार कार्ड के नाम पर अवैध वसूली पर हंगामा



बुढ़ाना 05 सितम्बर (बु.)। पांच साल से ऊपर के बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कर रहे क्लर्क को लोगों ने उस समय आडे हाथों ले लिया, जब उसने प्रत्येक व्यक्ति से तीन सौ-तीन सौ रुपये रिश्वत देने की मांग कर डाली।

इस मामले में सुबह से भूखे प्यासे लाइन में लगे लोगों का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने बीआरसी परिसर में जोरदार हंगामा करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी का घेराव किया। हंगामा होने पर महिला अनुदेशक और दोनों क्लर्कों ने काम बंद कर लोगों को खदेड़ने का काम किया तो और भी हंगामा खड़ा हो गया। बताया जाता है कि अपने अपने क्षेत्र के सभी राशन डीलर के कहने पर कस्बे और क्षेत्र के सभी उपभोक्ता राशन के लिए अपने अपने पांच साल से ऊपर के बच्चों के आधार कार्ड बीआरसी पर अपडेट करा रहे हैं। कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि आधार कार्ड अपडेट करने वाले क्लर्क प्रत्येक आधार कार्ड अपडेट करने के लिए तीन सौ-तीन सौ रुपये अवैध रूप से उपभोक्ताओं से ले रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी यही हुआ तो लोगों ने जमकर हंगामा काटा और खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया। सभी उपभोक्ताओं का आरोप था कि हम सुबह से यहां पर भूखे प्यासे धूप में खड़े हैं और हमसे हमारे बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर खुली रिश्वत मांगी जा रही है। जो इन क्लर्कों को रिश्वत दो रहा है उसके आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे हैं और जो नहीं दे रहा उसको परेशान किया जा रहा है।

इसको लेकर लोगों ने हंगामा कर कई वीडियो वायरल किए। वीडियो वायरल होते ही क्लर्कों ने काम बंद कर दिया और सभी को घर जाने को कहा तो फिर से लोग भड़क गये और एसडीएम से शिकायत करने की बात कही। हंगामा करने वालों में अल्ताफ, साजिद, रिहाना और मोमिना आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। बीईओ किरण यादव से मौके पर जाकर बात हुई तो उन्होंने बताया कि सुविधा शुल्क मांगे जाने की बात गलत है। हम पहले सरकारी स्कूलों के बच्चों को आधार कार्ड अपडेट कर रहे हैं। पूरे दिन में कुल 50 आधार कार्ड ही अपडेट होते हैं और भीड़ 500 की संख्या में आ रही है तो ऐसे में धक्का मुक्की के चलते आधार कार्ड अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। वे अब इसके लिए बुढ़ाना पुलिस की मदद लेंगी। नगर पंचायत के सभासद गुलफाम खान ने बताया कि उनके पास काफी लोग बीआरसी से बैरंग लौटे और बताया कि पैसे लेकर बच्चों के आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे हैं। अगर ऐसा है तो गलत है।

## आइडियल किड्स के नन्हे-मुन्नों ने मनाया शिक्षक दिवस



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल में डॉ. राधाकृष्ण सर्वपल्ली के जन्मदिन पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। शिक्षिकाओं व बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस पर अनेक मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में दोहे,कविताएं, लघुनाटिकाये व नृत्य प्रस्तुत किये। "गुरु गोविंद दोऊ खड़े" दोहे के माध्यम से प्राचीन संस्कृति का रूपक प्रस्तुत किया। झिलमिल वेश-भूषा में आये बच्चों ने अनेक प्रस्तुतियां दी। स्कूल निदेशक पीके जैन ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं नन्हे-मुन्नों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज निर्माण में शिक्षक की अहम् भूमिका होती है। हमारे ये नन्हे मुन्ने भी बड़े होकर आदर्श शिक्षक बन आदर्श समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करेंगे। शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस पर ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष होना चाहिए, साथ ही शिक्षकों को भी अपना स्वार्थ त्याग कर बच्चों को पूर्ण ज्ञान देने का प्रयास करना चाहिए, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। कॉर्डिनेटर पूनम गर्ग के साथ समस्त स्टाफ का पूर्ण योगदान रहा।

# करहेडा के ग्रामीणों ने किया सीओ कार्यालय का घेराव



मोरना, 05 सितम्बर (बु.)। करहेड़ा गांव में पिछले कुछ समय में घटी घटनाओं को लेकर भारी दहशत बनी हुई है। नकाबपोश द्वारा छात्राओं के साथ मारपीट व किसान के भैंसे को जहर देकर मारने वाले बाइक सवारों की अभी तक गिरफ्तारी न होने से नाराज ग्रामीणों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय का घेराव कर थाना प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देकर शीघ्र घटनाओं के खुलासे की मांग की है।

मोरना में स्थित क्षेत्राधिकारी भोपा के कार्यालय पर गुरूवार की सुबह करहेड़ा के ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉलियां लेकर पहुंचे और परिसर में दरियां बिछाकर धरना शुरू कर दिया। किसान नेता मनोज उर्फ बिन्नू राठी व ग्राम प्रधान अमित कुमार ने बताया कि बीते सोमवार को कॉलिज से साइकिल द्वारा घर लौट रही बालिकाओं पर गांव के मुख्य मार्ग पर नकाबपोश द्वारा अचानक जानलेवा हमला किया गया। दोनों छात्राओं पर भयानक रूप से किये गये हमले को लेकर दहशत व्याप्त है। देर सवेर इस मार्ग पर ग्रामीणों ने गुजरना बन्द कर दिया है। तीन दिन बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी से दूर हैं। वहीं बीते 30 अगस्त को गांव में किसान टोनी के भैंसे को अज्ञात बाइक सवारों ने जहर देकर मार दिया था।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी, जिसमें जहर खुरानी गैंग के सदस्यों की पहचान भी जाहिर हो गयी। बावजूद इसके शातिर आरोपी गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। आरोपी दोबारा भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस की लापरवाही के कारण ग्रामीण दहशत में जी रहे हैं। आरोपी अगर शीघ्र गिरफ्तार नहीं हुए तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। धरने पर पहुँचे थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने ग्रामीणों को शीघ्र दोनों घटनाओं के सफल अनावरण का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, रमाकांत, आकाश चौधरी, कपिल राठी, अनुज कुमार, परविन्द्र, सुनील कुमार, कैप्टन राठी, कंवरपाल, वीरेन्द्र सिंह, उपेन्द्र, सुभाष, जनार्दन, धनपाल, देवेन्द्र आर्य आदि मौजूद रहे।

## गोल्डन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह का प्रारंभ विद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष में सभी ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम गणेश वंदना के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या ने मानव विकास में शिक्षा की अहम भूमिका और दायित्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं में अनेक मनोहारी प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा शुचि सरन, प्रवेश कुमार, यामिनी अरोरा, विनीता त्यागी, शोभा नेगी व अर्चना को उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया। समारोह का संचालन शिक्षक दीपक वर्मा एवं छात्र-छात्राओं ने किया। विद्यालय के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा, सचिव सुशील कुमार व कोषाध्यक्ष रितु शर्मा ने गुरू के महत्व का वर्णन करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके योगदान के लिए सराहा तथा शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। छात्रों द्वारा समारोह की सफलता के लिए सभी का आभार प्रकट किया गया।

## एसडी मैनेजमेंट में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टड़ीज में बीबीए, बीसीए व बीएससी (सीएस) के सभागार में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज डा. संदीप मित्तल व बीसीए विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतीमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया। प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने कहा कि शिक्षक दिवस भारत में देश के विद्वान, दार्शनिक व भारत रत्न से सम्मानित पहले राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। हमें उनके जीवनपथ का अनुसरण करना चाहिए। बीसीए विभागाध्यक्ष संजीव तायल ने कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षकों और छात्रों के रिश्तों को और भी अच्छा बनाने का एक महान अवसर होता है। संचालन अनुज गोयल के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। विभिन्न मौखिक खेलों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ शिक्षकों के मनोरंजन के लिये किया गया। छात्र/छात्राओं ने अपने सभी शिक्षकों को सम्मानपूर्ण आभार किया। कार्यक्रम में बीबीए व बीसीए विभाग से चांदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, अनुज गोयल, मोहित गोयल, हर्षित, निरंकार, वैभव वत्स, हर्षिता, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, श्वेता, हिमांशु शर्मा, देवेश भारद्वाज, डा. संगीता गुप्ता, डा. अक्षय जैन, दीपक गर्ग, मौ. अन्जर, प्राची, पूर्वी संगल, सोनिका, अभिषेक बागला, मौ. अंजर, प्राची, विनिता चौधरी, सतीश, अमित एवं उमेश मलिक आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एसडी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक-दिवस व अलंकरण समारोह




मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास तथा उत्साह से मनाया गया, जिसके अन्तर्गत अलंकरण समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार किया गया। समारोह में सभी हाउस कैप्टन को उनके हाउस मास्टर द्वारा बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी हाउस के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर शपथग्रहण की। जवाहर और भाभा हाउस के बीच वॉलीवाल मैच हुआ, जिसमें भाभा हाउस विजयी रहा। शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि डा. मृदुला मित्तल (सेवानिवृत्त अध्यापिका, रसायन विज्ञान, डीएवी महाविद्यालय) का स्वागत विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने प्लांटर व कार्ड देकर किया। सभी शिक्षकों का सम्मान छात्र-छात्राओं ने तिलक के बाद कार्ड देकर किया। बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कक्षा 10वीं तथा 12वीं कक्षा के बोर्ड रिजल्ट के परिणामों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रबंधन कमेटी की तरफ से नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर डायरेक्टर चंचल सक्सेना तथा डा. मृदुला मित्तल ने उप प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल, दिव्या, रागिनी भारद्वाज, साक्षी भगत, बबीता शर्मा, फरहीन फातिमा, शशीकांत शर्मा, लतिका अग्रवाल और सन्नी गोयल को सम्मानित किया। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों में गीता, पूजा, संतोष को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर विंग एक्टिविटी इंचार्ज प्रियंका सचदेवा, सुप्रीत कौर, मिडिल विंग एक्टिविटी इंचार्ज रीतु सैनी, जू.विंग एक्टिविटी इंचार्ज हुमा शमीम के दिशा निर्देशन में कक्षा 10वीं के छात्र अनंत जैन तथा कक्षा 11वी की ओजसी काम्बोज ने किया।

# पी.आर.पब्लिक स्कूल में उल्लास से मना शिक्षक दिवस




मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। पी.आर.पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक गांधी कॉलोनी के चीफ मैनेजर अनुपम कुमार, मिस अमृत पॉल और मौसम मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कक्षा 11वीं की छात्रा वैष्णवी और मुस्कान के द्वारा गुरू वंदना प्रस्तुत की गई। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में गीत, नृत्य और लघु नाटिका आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कुछ विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे भाषण देकर शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। छात्रों में शिक्षकों के मनोरंजन के लिए कुछ खेलों का भी आयोजन किया। पंजाब नेशनल बैंक के चीफ मैनेजर अनुपम कुमार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक न केवल शैक्षणिक विकास बल्कि हमारे समाज के ढांचे को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा हर दिन किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की। कहा कि बच्चों यह आपके लिए अपने जीवन में अपने शिक्षकों की भूमिका पर विचार करने और उनकी सरहाना करने का दिन है। स्कूल निदेशक अनघ सिंघल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए अपने शैक्षिक कार्यकाल के कुछ अनुभव साझा किए। अतिथियों को पी.आर.पब्लिक परिवार की ओर से सम्मान स्वरूप श्रीमद् भागवत गीता भेंट की। संचालन में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, शिखा ठाकुर, अनुपम सैनी आदि का विशेष योगदान रहा।

## शारदेन विद्यालय में अध्यापक दिवस का आयोजन



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। शारदेन विद्यालय के प्रांगण में अध्यापक दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डायरेक्टर विश्व रतन, प्रधानाचार्य धारा रतन एवं डीसीबी बैंक से उपस्थित अतिथिगण का छात्रों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डीसीबी बैंक के द्वारा विद्यालय के अध्यापकों को सम्मानित किया गया। शारदेन के छात्रों के द्वारा सभी अध्यापकों का बैंड-बाजे के साथ और पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। छात्रों के द्वारा भिन्न भिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सबसे पहले होप हाउस ग्रुप ए गो ग्रीन डे डांस, पीस हाउस वे विल रॉक यू,करेज हाउस सुच ए ब्यूटीफुल डे ,फेथ हाउस इंग्लिश डांस, उसके बाद नर्सरी और प्ले के द्वारा सपने मेरे सच हो जाने रे नृत्य प्रस्तुत किया गया। एलकेजी ब्लू के छात्रों द्वारा वी लव यू टीचर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी छात्रों ने अपनी अपनी प्रस्तुति अध्यापकों के सामने हृदय से दी। विद्यालय के डायरेक्टर विश्व रतन ने सभी छात्रों को अध्यापक दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि यह दिवस डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष में हर साल मनाया जाता है। प्रधानाचार्य धारा रतन ने कहा कि शिक्षकों का बच्चों के भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान होता है, एक शिक्षक के बिना छात्र का जीवन अधूरा रहता है। हमें सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्य ने डीसीबी बैंक को धन्यवाद करते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

# एस डी कॉलेज ऑफ लॉ में मनाया गया शिक्षक दिवस



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। एस डी कॉलेज ऑफ लॉ के सभागार में शिक्षकों द्वारा शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण याद करते हुए शिक्षा के महत्व साझा किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर कॉलेज चेयरमैन अशोक सरीन ने कहा कि वे अपने कॉलेज के समस्त शिक्षकगणों के प्रति आभार प्रकट करते है कि उन सभी ने छात्र-छात्राओं को वर्तमान आधुनिक शिक्षा से जोड़कर उन्हें समर्थ बनाया है। कॉलेज सचिव विनोद कुमार संगल ने कहा कि शिक्षक दिवस पर हम सभी शिक्षक को आभार के साथ-साथ यह भी चिंतन करते हैं कि हमारा कॉलेज अपने उद्देश्य में कितना सफल रहा है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू गर्ग ने कहा कि शिक्षा संस्कार की धूरी है और एस डी कॉलेज ऑफ लॉ समूचे जनपद में सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है और अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। शत प्रतिशत परिणाम शिक्षकों की अथक मेहनत का परिणाम है। कॉलेज डायरेक्टर मंजू मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य वर्तमान में आधुनिक समय में हो रहे परिवर्तनों को भी साकार करने से है। आज लगभग दो दशक पुराने हो रहे कानून का परिवर्तन हमारी न्याय व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्त, डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, छवि जैन, डॉ. अभिनव गोयल, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, अनीता सिंह, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, डॉ. दीपक मलिक, उमेश चंद त्रिपाठी, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही एवं आमिर आदि उपस्थित रहे।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में हुआ गुरू वंदन कार्यक्रम



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद् संकल्प शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के अन्तर्गत गुरू वंदन छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ साथ उनके कुशल नेतृत्व में ज्ञान अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में गुरूवार को भारत विकास परिषद् संकल्प शाखा के पदाधिकारियों के द्वारा गुरू वंदन छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अतिथि के रूप में विद्यालय प्रांगण में पहुंचे भारत विकास परिषद् संकल्प शाखा के कार्यक्रम संयोजक जगदीश पालीवाल, शाखा अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता, शुभ्रा गुप्ता और शिशुकांत गर्ग का स्वागत किया। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग के सभी शिक्षकों का वंदन करते हुए संकल्प शाखा परिवार की ओर से शिक्षिका रितु शर्मा एवं सोनू देवी को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के टॉपर बच्चों में छात्र हर्ष राठी, छात्रा आन्या अग्रवाल, शशि और वैष्णवी गुप्ता का भी अभिनंदन कर उनको स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में गुरू वंदना के साथ टीचर्स डे सेलिब्रेशन किया




मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का 137वां जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम व गुरू वंदना से हुआ। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम. के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, ममता चौहान व कंचन सोनी द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात कक्षा 11 सी की छात्रा रिया सैनी ने अंग्रेजी में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र का परिचय दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं निर्मित शब्दों का जामा पहनाकर शिक्षकों की पहचान कराई गई। डायरेक्टर डॉ. एम. के. गुप्ता ने अपने संदेश में सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और बच्चों को कहा कि सच्ची लगन एवं जुनून के द्वारा ही एक सभ्य नागरिक बन सकते है और सफलता की सीढ़ी पर चढ़ सकते है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। शिक्षक ज्ञान का एक ऐसा भंडार है जो दूसरों को बनाने में खुद को भी भुला देता है बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां पहली गुरु होती है जो अक्षरों का बोध कराती है। संचालन कक्षा 11 की छात्रा अन्वेषा यादव एवं कृतिका धीमान द्वारा किया गया। अध्यापिका हर्षिता मिश्रा व निशा के सानिध्य में रहकर ही छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। राष्ट्रीय गान के साथ समापन हुआ।

## श्रीराम कॉलेज के 156 विद्यार्थियों को टेबलेट बांटे



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में डॉ. आरके खाण्डल (पूर्व वाइस चांसलर डॉ. एपीजे कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ) का अभिनन्दन किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत पॉलीटैक्निक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत 156 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। मुख्य अतिथि डॉ. आरके खाण्डल ने कहा कि डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के रूप में मुजफ्फरनगर में एक उत्तम शैक्षणिक समूह देने का कार्य किया है। परम्परागत व गैर-परम्परागत 40 से भी अधिक पाठ्यक्रमों में उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि हमारा संस्थान सरकार की नीतियों के अनुसार गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिये अनवरत प्रयासरत है। डॉ. सुचित्रा त्यागी ने अभिनन्दन पत्र का वाचन किया। निदेशक प्रो. एसएन चौहान तथा प्रधानाचार्य इं. आशीष कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन इं. आशीष कुमार ने किया। इं. आलिम जैदी, शुभम कुमार, इं. पिंकी रानी, अमित कुमार, गौरव कुमार, इं. नेहा गोयल, इं. विपिन कुमार आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की मुख्य संस्थागत परीक्षा वर्ष- 2013, अनुक्रमांक - 0690430 की मार्कशीट और प्रमाण पत्र तथा इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष 2016, अनुक्रमांक 0552332 की मार्कशीट और प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गयी हैं।

अंकुश पाल पुत्र श्री ब्रजपाल सिंह
निवासी - ग्राम-नसीरपुर,
जनपद-मुजफ्फरनगर

## नचिकेता स्कूल्स में मनाया गया शिक्षक दिवस




मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। नचिकेता स्कूल्स में महान विद्वान, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति व मुख्य अतिथि (रोटरी क्लब मेम्बर्स) द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन, भाषण, नाटक आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसी के साथ विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी छात्रों को शिक्षक दिवस के महत्व के विषय में समझाया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक दिवस हमारे शिक्षकों को उनके समर्पण और हमारी शिक्षा में योगदान के लिए मनाया जाता है। शिक्षक दिवस शिक्षकों की सराहना करने का एक विशेष दिन है। हमारे जीवन को आकार देने और बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक हमें सीखने, बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारी शैक्षिक यात्रा के दौरान मार्गदर्शन, समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। शिक्षक हमारे समाज के वो स्तंभ हैं, जो अगली पीढ़ी के दिमाग का पोषण करते हैं। प्रबंधक समिति के सदस्यों ने व विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या जसबीर कौर व उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) विक्की जैन ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। रोटरी क्लब के मेम्बर्स द्वारा सभी अध्यापकों को पौधे भेंट कर वृक्षारोपण भी किया गया।

## बीईओ, एआरपी व शिक्षक किये गये सम्मानित



बुढ़ाना 05 सितम्बर (बु.)। कस्बे के एक बैंकट हाल में बृहस्पतिवार को शिक्षक दिवस पर बुढ़ाना ब्लाक की बीईओ, एआरपी और शिक्षक सम्मानित किए गये। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राइमरी पाठशाला के सहायक अध्यापक योगेश शर्मा और प्राइमरी पाठशाला नंबर 3 के शिक्षा मित्र नौशाद अली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंच संचालन अनिता राठी मेरठ द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। यहां पर कार्यक्रम के आयोजक योगेश शर्मा और नौशाद अली ने संयुक्त रुप से बीईओ किरण यादव के अलावा एआरपी उम्मेद अली, सत्येंद्र कुमार, प्रीति चौहान और शिक्षक यूनुस अली को अपने कर कमलों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीईओ किरण यादव ने कहा कि आज हम सब शिक्षक प्रण करें कि हम बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का काम करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक योगेश शर्मा व नौशाद अली की जमकर सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हम सभी का मनोबल बढ़ाते हैं और एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। यहां ऋतु राठी, अनीता बिटावदा, सुधीर खरड, राजीव खरड, सुभाष फुगाना, इमरान रसूलपुर दभेडी, अमित जौला व संगीता जौला आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही। भावना वरुण शिक्षिका ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना कर सभी का मन मोह लिया। यहां मुख्य अतिथि बीएसए संदीप कुमार जिलेभर में हुए अन्य प्रोग्रामों की वजह से नहीं आ सके। जिनकी कमी शिक्षकों को खूब खली।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक 247/E-Tender/P.W.D./2024-25 दिनांक 05-09-2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत / वर्ष 2024-25 में नवीनिकृत / किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि **"15 वें वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान एवं 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क"** के सापेक्ष निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 12.9.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 06-09-2024 की प्रातः 10:00 से दिनांक 12-09-2024 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 12-09-2024 की सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण), नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर। | अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर। | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

भाजपा सभासद मनोज वर्मा की भतीजी रिया वर्मा ने मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में सबसे ज्यादा अंक हासिल करते हुए मां शाकुम्बरी यूनिवर्सिटी में गुरूवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के हाथों डिग्री के साथ ही गोल्ड मेडल भी प्राप्त कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया।





1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## निकृष्ट राजनीति का अहंकार

राजनीति जब जनहित और देश हित के स्तर से गिर जाती है, तो निकृष्ट हो जाती है। अपने-अपने परिवार के और अपनी जाति ही के लाभ के लिए की जाने वाली राजनीति भी निकृष्ट राजनीति ही कहलाती है। निकृष्ट राजनीति का अहंकार भी बहुत बड़ा होता है। प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने तो मूर्खता के अहंकार को सबसे बड़ा कहा है, उनके बाद से बहुत बदलाव हुए अब निकृष्ट राजनीति का अहंकार भी बहुत बड़ा अहंकार है, इसमें कुछ सालों से एक और बड़ा बदलाव हुआ है, वह बदलाव है मूर्खता के अहंकार के साथ-साथ निकृष्ट राजनीति का भी अहंकार। इन दिनों इसी विशेष अहंकार का चलन हो गया है। राजनीति से जुड़े कुछ लोग निचले दर्जे की राजनीति तो कर ही रहे हैं, उसका घमंड भी कर रहे है। साथ ही साथ मूर्खता पूर्ण वक्तव्य भी दे रहे हैं और उन मूर्खतापूर्ण वक्तव्यों पर घमंड भी कर रहे हैं। इस समय निकृष्ट राजनीति का अहंकार और मूर्खता का अहंकार दोनों देखने को मिल रहे हैं। एक नेता बार-बार मूर्खतापूर्ण वक्तव्य देता है, मजे की बात यह है कि उसके पीछे भी उसका अनुसरण करने वाले उसी के जैसे लोग होते हैं, आखिर सभी तरह के लोगों को एक नेता चाहिए होता है, तो वो बार-बार मूर्खतापूर्ण वक्तव्य देने वाले ही को अपना नेता मान लेते हैं। यह वे लोग भी जानते है कि इस नेता ने कभी उनका भला नहीं किया, न ही कभी वह करेगा, लेकिन वह मूर्खतापूर्ण वक्तव्य देता है, जो उन्हें पसन्द हैं। ऐसे लोगों को देश की, देश के विकास की, लोगों के कल्याण की चिन्ता करने वाले नेता पसन्द नहीं आते। राजनीति में विजय का अहंकार तो देखा जाता है, लेकिन अब पराजय का अहंकार भी खूब दिख रहा है। पराजित नेता भी स्वयं को चक्रवर्ती सम्राट समझ कर चल रहे हैं। आजकल चल रही निकृष्ट राजनीति के कई मामले देश भर से देखने को मिल रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कश्मीर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भगवान ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी को सीधा मैसेज दे दिया कि भगवान सिर्फ आम जनता से बात करते हैं। वह आम जनता की भलाई के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने नरेन्द्र मोदी को साइकोलॉजिकली हरा दिया है। उनके सामने इंडिया गठबंधन खड़ा हो गया है, जिससे उनका पूरा आत्मविश्वास गायब हो गया है। राहुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नरेन्द्र मोदी छाती चौड़ी कर के आते थे, अब उनके कंधे झुक गए हैं। इस बार उन्होंने संसद में घुसने से पहले संविधान माथे पर लगाया और फिर अंदर गए। राहुल के सम्बोधन के बाद कश्मीर भाजपा नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी तीसरी बार हार कर भी खुद को सम्राट समझ रहे हैं, यह रुग्ण चित्त की अवस्था है। खुद हार कर भी वो तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनने वाले लोकप्रिय प्रधानमन्त्री को साइकोलॉजिकली हराने की बात कर रहे हैं, राहुल और उनके सलाहकारों की चौकड़ी एक कल्पनालोक में जीते हैं, जिसके महाराज राहुल गांधी हैं, इनकी इस चित्त दशा का कोई उपचार नहीं है। कोलकाता के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 वर्षीय ट्रेनी लेडी डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन, इस पर अभी तक राजनीतिक बहस और अंट शंट बयान बाजी चल रही है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पश्चिम बंगाल विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित बलात्कार विरोधी विधेयक को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 11 नवंबर, 2018 के एक पत्र की प्रति साझा करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी पर अपराजिता महिला और बाल विधेयक पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून और संशोधन विधेयक 2024' पेश करके उस पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वह शुरू में अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई करने में विफल रहीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2018 में केंद्र सरकार से दुष्कर्म जैसे अपराधों से निपटने के लिए कड़ा कानून पारित किया था, जिसका उद्देश्य लंबित बलात्कार और पॉकसो अधिनियम के मामलों के त्वरित परीक्षण और समाधान के लिए फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें स्थापित करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि 2019, 2020, 2021 में कई बार संवाद करने और पत्र भेजने के बाद भी तृणमूल कांग्रेस सरकार से कानून लागू करने पर सहमति नहीं जताई। बयान के मामले में राहुल गांधी, फारूक अब्दुल्ला, ममता बनर्जी के अलावा आजकल अखिलेश यादव भी सुर्खियों में हैं। अखिलेश यादव सुल्तानपुर लूट के आरोपी के एनकाउंटर को लेकर दिए गए बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। सुल्तानपुर में ज्वैलरी शॉप में डकैती के आरोपी मंगेश यादव को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। लखनऊ-वाराणसी फोर लेन रोड पर यूपी एसटीएफ ने मोटरसाइकिल से भाग रहे मुख्य आरोपी मंगेश यादव को मुठभेड़ में गोली लगी थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अखिलेश ने कहा कि सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था, इसीलिए तो नकली एनकाउंटर से पहले मुख्य आरोपी से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों पर सिर्फ. दिखावटी गोली मारी गयी और जाति देखकर जान ली गयी। एनकाउंटर के चंद घंटे पहले ही सीएम योगी ने कहा था कि यूपी में माफिया को चैन से नहीं रहने देंगे। ऐसे में अखिलेश यादव के आरोपों पर आज योगी ने कहा कि कुछ लोगों को हर काम में बस जाति ही दिखती है, हमें अपनी सरकार के फैसलों पर गर्व है। अखिलेश ने एक बयान में कहा था कि साल 2027 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार आएगी, तो बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ होगा। इस पर अखिलेश यादव से पत्रकारों ने सवाल पूछा तो उन्होंने कहा है कि इसमें क्या गलत कहा? इसके बाद पत्रकारों ने उनसे दोबारा सवाल किया कि गोरखपुर में कुछ अवैध है क्या? इस सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि वैध या अवैध तय करना संस्थानों का काम है। अखिलेश यादव पर सिद्धार्थनाथ सिंह ने भी निशाना साधा और कहा कि गोरखपुर में हिंदुओं की आस्था से जुड़ा बड़ा मठ है, उसी मठ पर बुलडोजर चलवाने की बात कह रहे हैं अखिलेश। यह हिंदुओं की आस्था पर हमला है। अखिलेश को हिंदुओं की आस्था के चिह्न से चिढ़ लगती है। माफिया के साथ अखिलेश खड़े हैं। माफिया के खिलाफ एक्शन लिया जाता है, तो अखिलेश माफिया की तरफ खड़े हो जाते हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"जीवन" "सलीका" "डिग्रियां" "शिक्षा"

मूल्य जीवन के गिरे कॉलेज मगर ऊंचे हुए,  
अब पढ़ाई और लिखाई में सलीका चाहिये।  
डिग्रियां पाकर भी रिश्वतखोर पैदा हो रहे,  
आजकल के शिक्षकों को भी तो शिक्षा चाहिये।

# म्हाड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं सहित राज्यमंत्री व पूर्व राज्यमंत्री ने भी चढ़ाया प्रसाद

**चरथावल, 05 सितम्बर (बुस.)।** ग्राम दूधली में तीन दिवसीय दूधली म्हाड़ी के मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पवित्र निशान और छड़ी चढ़ाकर मत्था टेंका। मनोकामना पूरी होने पर कई भक्त लेटकर प्रसाद चढ़ाने पहुंचें। गांव के अलावा तमाम क्षेत्र गांव गोगा की भक्ति में लीन हो गया है। आपको बता दे कि सामाजिक समरसता की प्रतीक दूधली म्हाड़ी की मान्यता दूरस्थ प्रांतों में है। रिटायर्ड उप निरीक्षक ब्रजपाल सिंह बताते हैं कि हर साल म्हाड़ी पर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड एवं प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। गांवों से कई भक्त लेटकर तो कई पैदल प्रसाद चढ़ाने आते हैं। हर घर में मेहमानों की आवभगत करने के लिए तैयारी होती रही। मेला प्रांगण में झूले, प्रसाद और खाने पीने की दुकानें लग गई है। करीब 600 साल पहले मरुआ आलमगीरपुर का किसान बछेरा लेकर राजस्थान में बागड़ पहुंच गया। संकल्प था कि वह बछेरा जाहरवीर गोगा को ही सौंपेगा। भक्त महीनों तक वहां भूखा प्यासा रहा। तपस्या से प्रसन्न होकर गोगा खुद प्रकट हुए और उन्होंने भक्त से बछेरा ले लिया। बदले में किसान को पांच ईंट इस संकल्प के साथ दी कि इन ईंटों को जहां रख दोगे, वहां से उठेगी नहीं, बल्कि वहीं म्हाड़ी बनानी पड़ेगी। म्हाड़ी के पुजारी बताते हैं कि लौटते वक्त उनके वंशज किसान हुक्का पीने की ललक में गोगा का वचन भूल गए थे। बताया जाता है कि उन्होंने दूधली में सजी चौपाल पर चादर में बंधी ईंट रख दी। बुजुर्गों के बीच बागड़ की चर्चा छिड़ी और हुक्के के स्वाद में मस्त हो गए। कुछ देर किसान गांव की ओर चलने लगा, तो चादर नहीं उठीं, तब वचन याद आने पर म्हाड़ी वहीं बनानी पड़ी। तीन दिवसीय मेले में दूधली गांव में गुरुवार को भारतीय संस्कृति और परंपराओं दर्शन हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक म्हाड़ी मेले में प्रदेश के अलावा दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के श्रद्धालुओं का तांता लगा। कई प्रांतों से श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाने पहुंचें।

### हाईकोर्ट अधिवक्ता ने म्हाड़ी के कपाट खोलकर किया मेले का शुभारंभ

**चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)।** विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम दूधली में लगने वाले 3 दिवसीय ऐतिहासिक 3 दिवसीय गोगा म्हाड़ी मेले का शुभारंभ हो गया। मेले का शुभारंभ ग्राम पिलखनी निवासी हाईकोर्ट प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता पवन सिंह पुंडीर के द्वारा म्हाड़ी के कपाट खोलकर एवं फीता काटकर तथा प्रसाद चढ़ाकर किया। चरथावल विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम दूधली में ऐतिहासिक परम्परागत श्री जाहरवीर गोगा वीर म्हाड़ी मेले का ग्राम पिलखनी निवासी हाईकोर्ट प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता पवन सिंह पुंडीर के द्वारा म्हाड़ी के कपाट खोलकर एवं फीता काटकर तथा प्रसाद चढ़ाकर किया। वहीं मेले में प्रसाद चढाने के किए श्रद्धांजलि की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले मे लाखो लोग दूर दूर से गोगा माड़ी के दर्शन करने आते हैं। गांव के लोगो द्वारा भण्डारो के माध्यम से भोजन, ठहरने आदि की समुचित व्यवस्था निशुल्क की जाती है।

### कोई लेटकर तो कोई दौड़कर पहुंचा प्रसाद चढ़ाने

**चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत दूधली गांव में चल रहे जाहरवीर गोगा म्हाड़ी के विशाल मेले में प्रचंड गर्मी व धूप में इयूटी के साथ-साथ प्रचंड गर्मी में श्रद्धालुओं की पुलिस इयूटी के साथ सेवा कर रही है। चरथावल इंस्पेक्टर जसवीर के नेतृत्व में पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ साथ सेवा में जुटे हैं। वहीं मन्नत पूरी होने पर कोई श्रद्धालु लेटकर निशान चढ़ाने पहुंचा, तो कोई दौड़ लगाते हुए पावन म्हाड़ी के दर्शनों को आतुर रहा। हरियाणा के पानीपत, करनाल और यमुनानगर से काफी श्रद्धालु म्हाड़ी दर्शन को पहुंचे। मेले में बच्चों के लिए कई खिलौनों की आकृति में लगे रंग बिरंगे झूलों पर लुत्फ उठाया। इसके अलावा काला जादू, मिनी सर्कस, झूले और मौत के कुएं ने ग्रामीणों का भरपूर मनोरंजन किया।

### मेले में सुरक्षा हेतु भारी पुलिस फोर्स, एसपी सिटी ने परखी व्यवस्था

**चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम दूधली में गुरुवार को ऐतिहासिक गोगा म्हाड़ी पर शुरू हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सीओ सदर राजू कुमार साव के नेतृत्व में मेले में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। वही मेले में व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस को काफी में मशक्कर करनी पड़ रही है। वहीं एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने भी मेले में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।









### राज्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन कर चढ़ाया प्रसाद

**चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)।** ग्राम दूधली में ऐतिहासिक गोगा म्हाड़ी मेले में पहुंचे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम दूधली स्थित श्री जहारवीर गोगा महाड़ी पर तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले में पहुंचे पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान व राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने म्हाड़ी पर पहुंचकर फीता काटकर उद्घाटन किया एवं प्रसाद चढ़ाया।

इस मौके पर उनके साथ चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, जिला पंचायत सदस्य राहुल ठाकुर, अमित रावल, डॉ. विपिन त्यागी, दूधली सभापति राज रानी पुण्डीर, ग्राम प्रधान बिरालसी ठाकुर लोकेश पुंडीर ग्राम प्रधान बिरालसी, क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष ठाकुर लोकेश पुंडीर आदि मौजूद रहे। वहीं मेले में पहुंचने पर सभी अतिथियों का ग्राम प्रधान शोभित पुण्डीर एवं सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक बृजपाल पुण्डीर व अन्य लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।



## एसडी कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी में शिक्षक दिवस का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** एसडी कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी व रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव अनुभव कुमार, निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा, मुख्य अतिथि दीपा खन्ना मंडलाध्यक्ष, कौशल कृष्ण अध्यक्ष, नरेश शर्मा सचिव, सीए अतुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष, राजकुमार गुप्ता एडवोकेट कार्यक्रम संयोजक, मनोज गुप्ता कार्यक्रम संयोजक, अनिल खन्ना व सुनील अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। रोटरी क्लब मिडटाउन के द्वारा कार्यक्रम में शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड व पटका देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन, भाषण, कविता आदि प्रस्तुत की गई। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भी रोटरी क्लब मिडटाउन के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि दीपा खन्ना ने कहा कि शिक्षक दिवस की महत्ता को शब्दों में व्यक्त कर पाना अत्यन्त ही दुर्लभ कार्य है। शिक्षक समाज का बहुत जिम्मेदार व्यक्ति होता है जो समाज को सही राह दिखाता है। कौशल कृष्ण ने कहा कि यह दिन हमारे उन महान शिक्षकों को समर्पित है जिन्होने हमारे जीवन को आकार दिया है। सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पहले भारतीय थे जिन्होने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अध्यापन किया। निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा ने आधुनिक समाज में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। एंकरिंग छात्रा स्वास्ती शर्मा ने की।

## बेसिक शिक्षा विभाग ने किया 50 शिक्षकों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** शिक्षक दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाले चयनित 50 अध्यापकों को प्रमाण-पत्र और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। मेरठ रोड स्थित विकास भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाले चयनित 50 अध्यापकों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। विकास भवन सभागार में संपन्न सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि संदीप भागिया ने उपस्थित समस्त अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वास्तव में आप देश का भविष्य संवार रहे हैं इस कार्य में अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करें जिससे कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी कॉन्वेंट स्कूलों के बच्चों की तरह आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अध्यापक को अपने प्रति दिन का टाइम टेबल बनाकर ही बच्चों को पढ़ाना चाहिये तथा बच्चों को पढ़ाने में अपने सहयोगी अध्यापकों का भी सहयोग लेकर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देनी चाहिए। कार्यक्रम में बीएसए संदीप कुमार ने अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी अध्यापक शासन की ओर से निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही बच्चों को पढ़ायें तथा शासन द्वारा जो प्रशिक्षण आपको दिये जा रहे हैं, उन्हें स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों तक भी अनिवार्य रूप से पहुचाएं, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सिद्ध हो। कार्यक्रम के अन्त में जिला समन्वयक सुशील कुमार ने उपस्थित अतिथियों एवं अध्यापकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें देते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन इरशाद अहमद एआरपी ने किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी खतौली पंकज अग्रवाल, खंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर संजय भारती, खण्ड शिक्षा अधिकारी जानसठ राकेश गौड, खंड शिक्षा अधिकारी सदर ध्यानचन्द्र तथा एसआरजी उषा रानी, विनीत कुमार तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सतेन्द्र कुमार, रिषभ कुमार एवं अंशुल कुमार उपस्थित रहें।



## उत्तर प्रदेशिक प्राथमिक शिक्षक का सम्मान समारोह संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेशिक प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिले में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने सम्मिलित होकर शिक्षकों को सम्मानित कर उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि वास्तव में शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। इनका योगदान देश की प्रगति में अमूल्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत से ही निपुण भारत जैसी योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकेंगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, यूपी के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, अभिषेक चौधरी, अचिंत मित्तल, राजेंद्र भारती, रूपक राणा, बालेंद्र कुमार, सचिन राठी, प्रवीण ठाकुर, राजीव चौहान, कपिल तोमर, उषा चौहान, मोनिका राठी, अनीता राठी आदि मौजूद रहे।



## चिल्ड्रन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** नगर के चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने जूनियर विंग में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस तारीख को इसलिए भी चुना जाता है, क्योंकि यह भारत के पहले उपराष्ट्रपति और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। इस दिन लोग अपने गुरु, शिक्षक या टीचर्स को गिफ्ट्स एवं उपहार देकर स्पेशल महसूस कराते है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बम बम बोले, रुक जाना नहीं, ए जिंदगी, सॉरी सॉरी, मस्ती की पाठशाला आदि जैसे गानों पर प्रस्तुति दी व अपनी कविता और कहानियों के माध्यम से, गाने गाकर, क्लासरूम सजाकर व सुंदर सुंदर ग्रीटिंग कार्ड्स, फूल देकर अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के बीच खेल प्रतियोगिताएं भी कराई गयी। इस शिक्षक दिवस पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए और पूर्व प्रधानाचार्या स्वः श्रीमती कमलेश शर्मा को याद करते हुए बताया कि अब से प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानाचार्या के जन्मदिवस 25 मई को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा किसी भी आदर्श समाज के निर्माण में एक शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतएव एक पूरा दिन इनके नाम तो बनता ही है। यह अवसर अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा भावों के प्राकट्य का है, वहीं यह दिन आदर्श शिक्षकों के मान सम्मान का पावन दिवस भी है। अंत में सभी शिक्षकों उपहार देकर सम्मानित किए व मिष्ठान वितरित किये गए। कार्यक्रम में समस्त भावी स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।



**आवश्यकता है**

एक कम्प्यूटर ट्रेनर योग्यता

B.Tech Computer/ MCA

दो टेलीकॉलर

योग्यता- Graduate

एक मैकेनिकल इंजीनियर योग्यता

B.Tech./ Polytechnic

MALE/ FEMALE

सन्मति इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग

बुढ़ाना मोड, निकट डल्लू देवता

M:7417853000



**मकान बिकाऊ है**

जनकपुरी में एक मकान 103 वर्ग गज में (पश्चिमी मुहाना) रूड़की रोड से 20 मीटर अन्दर गली में बिकाऊ है। जिसमें 5 कमरे, लैट्रीन, बाथरूम बने हैं।

सम्पर्क करें:-

7017791192

## नेशनल मॉडर्न जूनियर हाईस्कूल में मना शिक्षक दिवस



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** नेशनल मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नजमा जिलानी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अक्सर बच्चे शिक्षक दिवस पर अपनी टीचर के लिए उपहार वगैरह लाते हैं, जबकि आपको यह बात समझनी चाहिए कि एक टीचर के लिए सबसे बड़ा उपहार यह होता है कि उसके पढ़ाये हुए विद्यार्थी इतने काबिल बने कि किसी अच्छे मुकाम पर पहुँचकर अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन कर सकें। प्रधानाचार्या जी ने यह भी कहा कि आखिरी सीट पर बैठा हुआ बच्चा ही कमाल करता है।



## दून वैली में बच्चों ने मनाया शिक्षक दिवस

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** दून वैली प्रांगण में शिक्षक दिवस आज विशेष उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान स्वरूप कार्यक्रम प्रस्तुत किये और सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल प्रबंधक अनुराग सिंघल ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी। स्कूल ब्रांच हेड ने सभी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।



## विवेक शाखा द्वारा गुरु वन्दन कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** भारत विकास परिषद विवेक शाखा द्वारा गुरु वन्दन- छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री कृष्णा जानकी सरस्वती शिशु मंदिर गांधी कॉलोनी के प्रधानाचार्य मोहन सिंह, वरिष्ठ अध्यापक अशोक कुमार शर्मा, मनोज कुमार, वरिष्ठ अध्यापिका किरण बंगा, अनु, नीलम का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विवेक शाखा के अध्यक्ष अमित सिंघल, सचिव मनीष सिंघल, कोषाध्यक्ष राजकुमार रहेजा, विश्वदीप गोयल, शोभित गुप्ता, राजीव सिंघल उपस्थित रहे।

## व्यापार संगठन ने समाजसेवी ज्ञानी गुरुवचन सिंह के निधन पर जताया शोक



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन (रजि) की एक बैठक कैंप कार्यालय कुंदनपुरा पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापार संगठन के नगर पालिका मार्केट एसो. इकाई के संरक्षक ज्ञानी गुरुवचन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल व प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह ने कहा कि ज्ञानी गुरबचन सिंह सामाजिक, धार्मिक व मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वह हमेशा सर्व समाज की सेवा हेतु तत्पर रहते थे। उनके आकस्मिक निधन से व्यापारी व सर्व समाज को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। बैठक में कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा,प्रदेश युवा उपाध्यक्ष व मंडल संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ तरुण मित्तल, जिला मंत्री विक्की अरोरा, नगर युवाध्यक्ष मयंक गोयल, जिला युवा मंत्री भूपेंद्र गोयल, अनिल सिंघल, शिवकुमार सिंघल सहित अनेकों पदाधिकारियों द्वारा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## गणित जैसे कठिन विषय को सरल और रुचिकर बनाकर हजारों छात्रों के भविष्य को संवारने वाले अजय कुमार वर्मा



मुजफ्फरनगर के दक्षिण कृष्णापुरी स्थित "ए.के. मैथ क्लासेस" के संस्थापक और गणित शिक्षक अजय कुमार वर्मा ने 30 वर्षों से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गणित जैसे कठिन विषय को सरल और रुचिकर बनाकर हजारों छात्रों के भविष्य को संवारने वाले वर्मा जी अपने अनुकरणीय शिक्षण शैली के लिए जाने जाते हैं। अजय कुमार वर्मा ने अपनी शिक्षा की शुरूआत एक छोटे से कोचिंग सेंटर से की थी, जो आज दक्षिण कृष्णापुरी के प्रमुख कोचिंग संस्थानों में से एक है। उनके "ए.के. मैथ क्लासेस" से न जाने कितने छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। तीन दशक के लंबे सफर में, उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल गणित सिखाया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। उनकी कक्षाएं न केवल गणित की कठिनाइयों को दूर करने का माध्यम हैं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं पर भी मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। अजय कुमार वर्मा का मानना है कि, "हर छात्र में क्षमता होती है, बस उसे सही मार्गदर्शन और धैर्य के साथ प्रेरित करना आवश्यक है।" उनकी इस सोच ने उन्हें छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया है। उनका कोचिंग सेंटर, "ए.के. मैथ क्लासेस", गणित की शिक्षा में एक प्रतिष्ठित नाम बन चुका है। उनके पूर्व छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर चुके हैं, और उनकी इस सफलता का श्रेय वर्मा जी के शिक्षण और मार्गदर्शन को देते हैं। तीन दशकों की उनकी यह शिक्षण यात्रा आज भी उसी उत्साह और समर्पण के साथ जारी है। आने वाले समय में भी अजय कुमार वर्मा का यह योगदान शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## दॉ एसडी पब्लिक विद्यालय में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** दॉ एसडी पब्लिक विद्यालय में शिक्षक दिवस का पर्व पूरे सप्ताह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका समापन आज शिक्षक दिवस के दिन भव्य आयोजन के रूप में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राधा मोहन तिवारी को आमंत्रित किया गया, जो डीएवी डिग्री कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत हुए हैं और वर्तमान में स्पिक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राधा मोहन तिवारी, सपना कुमार (विद्यालय सरंक्षिका) एवं प्रधानाचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉ. राधा मोहन तिवारी ने विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि, विद्यालय सरंक्षिका एवं प्रधानाचार्या द्वारा शिक्षकों को उनके विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023- 24 में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना द्वारा सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय सरंक्षिका सपना कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का योगदान सराहनीय रहा।

## ज्वॉइंट फोरम ऑफ बीएसएनएल / एमटीएनएल पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा नियंत्रक संचार लेखा को ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** ज्वॉइंट फोरम ऑफ बी एस एन एल / एम टी एन एल पेंशनर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के आह्वान पर आज सीसीए आफिस मेरठ में पेंशन रिवीजन की माँग को लेकर धरने का आयोजन किया गया तथा संचार लेखा नियंत्रक पश्चिमी उत्तर प्रदेश परिमंडल को ज्ञापन सोपा। इस अवसर पर परिमण्डल के बीएसएनएल पेन्शनरस ने काफी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से परिमण्डलीय सचिव रामबीर सिंह, नरेश पाल, मो. इस्राइल, आरयू सिंह , गणेश दत्त शर्मा, जनार्दन शर्मा, एस के त्यागी, देवेन्द्र वर्मा, ओमकार, भगवान दास, घनश्याम, योगेन्द्र सिंह, विरेन्द्र, महेंद्र , रामशरण, राजेन्द्र, रमेश आदि पेन्शनरस उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब सेंट्रल ने कॉलेज में वाटर कूलर प्यूरीफायर लगाया



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** लायंस क्लब मुजफ़्फ़रनगर सेंट्रल द्वारा आज ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज में वाटर कूलर वाटर प्युरीफायर सहित लगाया एवं शिक्षक दिवस पर शिक्षक, शिक्षिकाओं को क्लब सर्टिफिकेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. संगीता चौधरी द्वारा भी तुलसी के पौधे देकर क्लब मेंबर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव अंकुर गर्ग , क्लब अध्यक्ष लायन श्रेय जैन, क्लब सचिव लायन शिवशंकर मित्तल, कोषाध्यक्ष लायन विख्यात बिन्दल, लायन मुकेश गोयल, लायन मानव शेखर, लायन कार्तिक सिंघल, लायन नितिन सिंघल, लायन सचिन सिंघल, लायन पुलकित गुप्ता, लायन अंकित बंसल, लायन आयुष बिन्दल, लायन मोहित मित्तल,लायनेड श्रद्धा जैन, लायनेड रुचि मित्तल एवं कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब उन्नति ने मनाया शिक्षक दिवस



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)।** लायंस क्लब उन्नति के तत्वाधान में शिक्षक दिवस पर सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्ण जी को आज उनके जन्मदिन पर याद किया गया। इसी उपलक्ष्य पर क्लब द्वारा नगर के प्रमुख शिक्षकों को उनके शिक्षण स्थान एवम घर पर शॉल ओढ़ाकर व सम्मान चिन्ह एवम फूलों के बुके देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में आज 6 अध्यापकों, अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए अध्यापकों में डॉ. सविता सिंह प्रिंसिपल एसडी गर्ल्स इन्टर कॉलेज झांसी की रानी, रीना अग्रवाल डायरेक्टर सिप अबेकस स्कूल, रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. एसके गुप्ता डीएवी डिग्री कॉलेज, डॉ. अखिलेश शर्मा प्रिंसिपल लाला जगदीश प्रसाद इन्टर कॉलेज, डॉ. प्रवीण सैनी प्रोफेसर डीएवी डिग्री कॉलेज, श्री हरचंद सिंह अध्यापक सीए स्टूडेंट्स गांधी कालोनी आदि सभी को सम्मानित किया गया। इस उत्तम कार्य के लिए सीए अजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट मुख्य सचिव, लायन्स क्लब उन्नति अध्यक्ष सीए मनीष बंसल, लॉ. अनिल कंसल (क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चैयरमैन एवम डिप्टी डिस्ट्रिक गवर्नर), सचिव लॉ. अमित मित्तल, लॉ. ममता अग्रवाल, लॉ. प्रतिभा बंसल, लॉ. अमित गर्ग पूर्व अध्यक्ष एवम उद्योगपति आदि ने शिक्षकों को सम्मानित करने में विशेष योगदान दिया।

# मुजफ्फरनगर जिले के 30 से अधिक बच्चों को महामहिम राज्यपाल ने गोल्ड मैडल से किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु1)।** जिले के अलग-अलग महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को महामहिम राज्यपाल ने सहारनपुर में जब गोल्ड मैडल से सम्मानित किया तो छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को गौरव का अनुभव हुआ। मुजफ्फरनगर के श्रीराम कॉलेज, एसडी मैनेजमेंट, डीएवी कॉलेज, जैन डिग्री कॉलेज आदि के लगभग 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मैडल पाकर शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने गुरूओं, महाविद्यालयों और माता-पिता को बेमिसाल तोहफा दिया। कॉलेजों के प्रबंधक व प्राचार्यों व शिक्षकों के लिए यह बड़े ही गर्व की बात है कि उनके छात्र-छात्राओं ने उनके महाविद्यालय का नाम रोशन किया और एक मिसाल कायम की कि शिक्षा के लिए कोई भी कॉलेज छोटा-बड़ा नहीं होता, आपकी अपनी मेहनत से सफलता हासिल होती है और यह वास्तव में छात्र-छात्राओं की ही मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर राज्यपाल के हाथों गोल्ड मैडल हासिल किया। महाविद्यालयों के प्रबंधक व प्राचार्यों का कहना है कि वे उत्तर प्रदेश सरकार को भी इसका श्रेय देने के साथ साथ आभार भी व्यक्त करते हैं क्योंकि उन्होंने छात्र-छात्राओं को गोल्ड मैडल से सम्मानित कर अन्य छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल उत्पन्न किया है। ऐसे पुरस्कारों से दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है और प्रोन्नति करने का अवसर मिलता है। इस तरह के उत्साहवर्धन से देश के छात्र-छात्राओं का भविष्य हर हाल में उज्ज्वल होता दिखाई देगा और आज राज्यपाल के हाथों से जब छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया तो यह क्षण कितने लोगों को गौरवान्वित कर रहे थे, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। सिर्फ शिक्षक और अभिभावक ही नहीं उनके आसपास के रिश्तेदार और दोस्तों को भी गौरव महसूस हो रहा था और वास्तव में ऐसे पल आजीवन यादगार के रूप में छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों के लिए अविस्मरणीय पल रहेंगे।

डीएवी पीजी कालेज की प्राचार्य डा. गरिमा जैन ने बताया कि उनके कालेज से आठ छात्र-छात्राओं का वरियता सूची में शामिल किया गया था, जिसमें बीकाम की अवनी सिरोही, एमएससी से जीनत एमएससी बायोटैक्रोलॉजी, एमए मनोविज्ञान से हुमायरा हुसैन, एलएल.एम. से अश्वर्या, बीएड से आंचल त्यागी, एमएससी वनस्पति विज्ञान की भावना राठी, एमएस.सी. सांख्यिकी की अरीबा, एलएलबी से इकरा को सम्मानित किया गया। वहीं जैन कन्या पीजी कालेज से बीए में एमन को गोल्ड मेडल मिला। इसके अलावा एमए अंग्रेजी से महक, गुलशाना, और रोनी, एमएस राजनीतक विज्ञान से बुसरा प्रवीन सहित दो अन्य छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं एसडी कॉलेज से बीएससी कंप्यूटर साइंस सताक्षी गर्ग को भी गोल्ड मिला। वहीं रिया वर्मा को भी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। श्रीराम कालेज के मीडिया प्रभारी रवि गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके कालेज दीक्षांत समारोह में ग्रेसा राज, यक्ता सैनी, सदफ, अनम खान, सोनी श्रीवास्तव, नेहा, प्रभात त्यागी, विदिशा, मानव त्यागी, आलिया काजमी, आफिया, आमिर, श्रिया गर्ग, अब्दुल वाहिद और रिया वर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।






दीक्षांत समारोह में उपस्थित मंत्री कपिल देव अग्रवाल व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ

# शिक्षक दिवस पर सौरभ आहुजा ने बुलेटिन परिवार, आहूजा परिवार व एसडी पब्लिक को किया गौरवान्वित

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ-पूजा दुआ के दामाद सौरभ आहुजा ने व्यक्तिगत परीक्षा सर्वाधिक अंकों से प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल करते हुए बुलेटिन परिवार, आहुजा परिवार व एसडी पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया। दरअसल सौरभ आहुजा ने बचपन से इंटर तक एसडी पब्लिक स्कूल में ही शिक्षा ग्रहण की है। उसके बाद उन्होंने ग्रेजुएशन व्यक्तिगत रूप से डीएवी कॉलेज से की है। बचपन से गणित में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सौरभ आहुजा ने एमए में भी इस बार सर्वाधिक अंक हासिल किये। उनका गणित के प्रति जुनून इस कदर रहा कि आज उसी जुनून के बल पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से एमए की परीक्षा देते हुए गणित में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। गुरूवार को जब शिक्षक दिवस के अवसर पर महामहिम राज्यपाल आनन्दी बहन पटेल द्वारा उन्हें गोल्ड मैडल दिया गया तो उनके पिता मोहन लाल आहुजा, माता सुनीता आहुजा की आंखे खुशी से नम हो गयी, क्योंकि उनके पिता ने एक साधारण परिवार से मेहनत करके सौरभ आहुजा की शिक्षा में कभी भी रूकावट आने नहीं दी। स्वयं कन्फेक्शनरी का काम करते हुए लगातार सौरभ को शिक्षा के लिए अग्रणी रखा। एक ओर पिता ने जहां आर्थिक व्यवस्था का ध्यान रखा और सौरभ आहुजा को आगे बढ़ने में अपनी पूरी मदद की, वहीं उनकी माता सुनीता आहुजा पॉलीटिकल साइंस व पंजाबी से पोस्ट ग्रेजुएट हैं और शुरू से ही उन्होंने अपने दोनों पुत्रों करण आहुजा व सौरभ आहुजा की शिक्षा की तरफ ही ध्यान दिया। पिता बिजनेसमैन होते हुए अपने बिजनेस में व्यस्त रहे, मगर शिक्षा का जो धर्म उन्होंने निभाया वो बेमिसाल है। अपने बड़े पुत्र करण आहुजा को सीए बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया, वहीं छोटे पुत्र सौरभ आहुजा को पंजाब भेजकर उन्हें बीटैक-बीएड और अब एमए कराने में पूरा सहयोग दिया। सौरभ आहुजा ने जालंधर (पंजाब) के एलपीयू यूनिवर्सिटी से बीटैक से की है। इसके बाद उन्होंने बीएड और बाद में एमए की परीक्षा दी। इसी के साथ-साथ सौरभ आहुजा पिछले तीन वर्षों से एसडी पब्लिक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।






## वृन्दा आहुजा ने पति सौरभ आहुजा को दी बधाई

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** एक तरफ जब सौरभ आहुजा को राज्यपाल द्वारा गोल्ड मैडल दिया गया, इस खुशी में जहां एक तरफ परिवार के सभी लोग एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। वहीं दूसरी तरफ वृन्दा आहुजा ने स्टेज पर ही पति सौरभ आहुजा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज वास्तव में मुे गर्व है कि मेरे माता-पिता और मेरा सौरभ आहुजा को पति के रूप में चुनना बेहद सही निर्णय था। वृन्दा आहुजा ने स्टेज पर ही खुशी में ाूमते हुए पति सौरभ आहुजा के साथ सेल्फी ली।

## मेरे लिए गौरव के क्षण : अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा जब मेरे दामाद सौरभ आहुजा को गोल्ड मैडल प्रदान किया गया, उस समय सीना खुद फुल गया। यह सोचकर कि हमने अपनी पुत्री का विवाह जहां किया है, वह वहां सुखी तो है ही मगर शिक्षा में भी उनका परिवार नई ऊंचाईयां हासिल कर रहा है। पुत्री के विवाह के बाद माता-पिता व परिवार को बहुत तरह की चिंताएं रहती है, मगर मेरे दामाद सौरभ आहुजा ने हमें इस बात से निश्चिंत कर दिया कि वह निकट भविष्य में हमारी बेटी को सुखी तो रखेंगे ही साथ ही साथ शिक्षा में नये आयाम स्थापित करेंगे। पूरे बुलेटिन परिवार के लिए यह गौरवमयी क्षण थे और शायद यह क्षण आजीवन आंखों के सामने रोमांच भरते दिखाई देंगे। बुलेटिन परिवार ने अपने दामाद सौरभ आहुजा को आशीर्वाद देते हुए उनकी दीर्घायु, स्वस्थ जीवन व शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाई हासिल करने का आशीर्वाद दिया और कहा कि बुलेटिन परिवार को गर्व कि हमने दामाद के रूप में सौरभ आहुजा व उनके परिवार को चुना।

# पिता ने बेची टॉफियां, माता ने खुद बड़ी-बड़ी कक्षाओं के पेपर हल करना सिखाया

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** एक ओर जहां सौरभ आहुजा ने पूरे परिवार का नाम रोशन किया, वहीं पिता मोहन आहुजा यह बताते हुए भावुक हो गये कि उन्होंने खुद अपने कारोबार की शुरूआत सब्जी मंडी स्थित मामूली सी एक टॉफी बेचने की दुकान से शुरूआत की थी। विवाह के बाद भी उनके पास इतने पैसे नहीं हुआ करते थे कि वें बच्चों की फीस भी ढंग से भर सके। बावजूद उसके खुद खूब मेहनत की और टॉफी-बिस्कुट, नमकीन बेचकर अपने दोनों पुत्रों करण व सौरभ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ आने दी। ना कभी यह आभास कराया कि उनके पास पैसों का अभाव है। ठीक इसी तरह क्योंकि माता सुनीता खुद पोस्ट ग्रेजुएट थी और पंजाब के परिवार से मुजफ्फरनगर आयी थी, ऐसे में उन्होंने दृढ़ निश्चय करने कि वें अपने बच्चों को व्यवसाय करने नहीं देंगी अपितु उच्च शिक्षा देंगी। सौरभ आहुजा को गोल्ड मैडल मिलने के बाद उन्होंने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि अब से कुछ वर्ष पूर्व जब उनके बड़े बेटे करण आहुजा सीए की परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, तो उन्होंने ही उन्हें पेपर साल्व करना सिखाया था, ठीक उसी तरह सौरभ को भी ग्रेजुएशन में पढ़ाने तक का काम किया। इसी के साथ-साथ पारिवारिक कार्य भी स्वयं करती रही। माता-पिता दोनों का कहना था कि आज हमारी मेहनत सार्थक हो गयी और गोल्ड मैडल मिलते ही खुशी के आंसू छलक उठे। वास्तव में उन्हें अपने दोनों पुत्रों पर गर्व है।




## सौरभ ने दी सच्ची गुरू दक्षिणा : चंचल सक्सेना



**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** सौरभ आहुजा को महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मैडल दिये जाने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख रही एसडी पब्लिक स्कूल की डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना द्वारा कार्यक्रम के समापन के बाद सौरभ आहुजा व बुलेटिन परिवार को फोन के माध्यम से बधाई दी और कहा कि आज उन्हें भी गर्व हो रहा है कि हमारे ही स्कूल का पढ़ा हुआ छात्र आज राज्यपाल द्वारा सम्मानित तो हुआ ही साथ ही साथ शिक्षक के रूप में भी हमारे यहां ही कार्यरत है। उन्होंने पूरे परिवार के साथ सौरभ आहुजा को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि निरन्तर आपका परिवार इसी तरह नये आयाम हासिल करता रहे। यही उनका आशीर्वाद है। शिक्षक दिवस के रूप में सौरभ आहुजा ने जो तोहफा दिया है व सच्ची गुरू दक्षिणा है।

# भाजपा ने मुजफ्फरनगर में रखा 3 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य : डॉ. सोमेंद्र तोमर

## प्रभारी मंत्री ने नए सदस्यता अभियान की विधिवत लॉचिंग

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी का नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान की शुरूआत देश में एक सितंबर से हो चुकी है। मुजफ्फरनगर में नए सदस्यता अभियान की लॉचिंग गुरुवार को प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने की। सदस्यता अभियान के शुभारंभ पर उन्होंने बताया कि जिले में इस बार तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इतना ही नहीं पुराने सदस्यों को भी इस बार नए सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 रुपये का शुल्क रखा है।

गुरुवार को जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान नई मंडी गांधीनगर पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका इस बार पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है, वहीं प्रदेश में तीन करोड़ और मुजफ्फरनगर जनपद में तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान बीते 1 सितंबर से शुरू हुआ और आगामी 31 अक्टूबर तक इस भाजपा सदस्यता अभियान चलाने की तिथि निर्धारित है। सदस्यता के इस अभियान के लिए जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, सदस्यता अभियान के संयोजक श्रीमोहन तायल समेत कई भाजपा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सांसद व पूर्व सांसद को 20-20 हजार, विधायक एवं एमएलसी को 10-10 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष को 15 हजार, पालिकाध्यक्ष को 2 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष को 1 हजार व सभासद को 200 नए भाजपजा सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा की सक्रिय सदस्यता के लिए 100 रुपये का शुल्क रखा है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर 8800002024 से मिस्ड कॉल कर भाजपा के नए सदस्य बन सकते हैं। एक नंबर से एक ही बार फोन कर नए सदस्य की सदस्यता ली जाएगी। पिछले वर्ष मुजफ्फरनगर जिले में 2.50 लाख सदस्य बनाए गए थे। पार्टी दफ्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, अनिल राठी, गौरव पंवार, अभिषेक चौधरी, अचिंत मित्तल, शरद शर्मा, सुधीर खटीक, सुषमा पुडीर, साधना सिंघल, श्याम रहेजा, नितिन मलिक आदि मौजूद रहे।




## आईजीआरएस में अव्वल रहा थाना मंसूरपुर

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** थाना मंसूरपुर ने एक बार फिर मुजफ्फरनगर पुलिस का नाम रोशन करते हुए आईजीआरएस में अव्वल नम्बर प्राप्त किया हैं। प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही शिकायत निवारण प्रणाली




आईजीआरएस के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण के क्रम में मुजफ्फरनगर एसएसपी अभिषेक सिंह के कुशल मार्ग निर्देश पर अगस्त माह 2024 में जिला मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंसूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार को उच्च अधिकारियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हौसला अफजाई करते हुए बधाई भी दी है।

# कहासुनी के बाद की गई थी युवक की हत्या

▶ खतौली में नाले में पड़ा मिला था युवक का शव ▶ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**खतौली, 5 सितंबर (बु.)।** थाना खतौली पुलिस ने गत दिनों नाले में मिले मेरठ निवासी युवक के शव के मामले का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार किसी बात पर जेल में कहासुनी होने के बाद उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। 30 अगस्त को एक युवक सागर की लाश नाले में पड़ी मिली थी। इस मामले में उसके पिता मनोज कुमार पुत्र स्व. ओमवीर सिंह निवासी मनोहरपुरी कस्बा व थाना दौराला मेरठ द्वारा थाना खतौली पर लिखित तहरीर देते मामला दर्ज कराया था कि अज्ञात द्वारा उनके पुत्र सागर अहलावत की हत्या कर दी गयी तथा शव को थानाक्षेत्र खतौली स्थित शेखपुरा के जंगल में फेंक दिया गया। पुलिस ने आज हत्या का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से आलाकत्ल अवैध शस्त्र बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहित पुत्र ओमकार गुर्जर निवासी ग्राम पिपलहेडा थाना खतौली मुजफ्फरनगर हाल निवासी किराये का मकान रोहटा रोड, मेरठ, गौरव सिरोही पुत्र रामकुमार निवासी 110 तुलसी कालौनी गली नम्बर-1 थाना कंकरखेडा, मेरठ तथा सचिन पुत्र स्व. बिजेन्द्र निवासी तीर्थ कालौनी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर हाल निवासी मुजाहिदपुर भूपखेड़ी थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्त गौरव सिरोही उपरोक्त द्वारा बताया गया कि जेल में मेरी सागर अहलावत से कहासुनी हो गयी थी जिस कारण मैने अपनी साथी मोहित उपरोक्त के साथ मिलकर 29 अगस्त को सागर अहलावत की गोली मारकर हत्या कर दी तथा शव को सचिन व मोहित उपरोक्त ने मिलकर नाले में डाल दिया था।




## गैंगेस्टर के आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**खतौली, 5 सितंबर (बु.)।** न्यायालय स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट-5 ने थाना सिखेड़ा तथा थाना मंसूरपुर पर पंजीकृत पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के मामले के आरोपी को 5 वर्ष कठोर कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसके साथ ही जेएम कोर्ट बुढ़ाना द्वारा थाना बुढ़ाना पर पंजीकृत मामले के एक आरोपी को जेल में बिताई गयी अवधि 2 वर्ष 3 दिन तथा एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इनमें सचिन पुत्र सुरेन्द्र जाट निवासी ग्राम सोजनी जाटान थाना बाबरी, शामली, सलीम पुत्र सगीर निवासी कस्बा व थाना भोपा, मुजफ्फरनगर तथा सूरज पुत्र दलीप निवासी डेरा भगीरथ थाना झिंझाना, शामली शामली शामिल हैं।

# पॉक्सो कोर्ट ने दुष्कर्मी को सुनाई 17 साल कैद व जुर्माने की सजा

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** न्यायालय श्रीमान विशेष अपर सत्र न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट अलका भारती ने शहर के रामपुरी शहाबुदीनपुर में हुई दुष्कर्म की घटना में आरोपी को 17 साल के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जनकपुरी निवासी मोहित कुमार पुत्र अजब सिंह पर एक युवती को बहला फुसलाकर ले जाने तथा दुष्कर्म करने का आरेप लगाया गया था। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 20 जुलाई 2018 को दिन में करीब 11 बजे वादी की पुत्री को मोहित पुत्र अजब सिंह बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मोहित के साथ एक अज्ञात व्यक्ति भी था। मोहित को वादी की पुत्री को ले जाते हुये वादी के रिश्तेदार ने देखा था। मोहित ने वादी की पुत्री के साथ बलात्कार का आरोप लगाया गया था। अभियोजन की ओर से विशेष प्रभावी पैरवी करते हुये विशेष लोक अभियोजक विक्रान्तराठी व दीपक गौतम ने न्यायलय मे अपना पक्ष साबित करने के लिए 5 गवाह पेश किये। न्यायालय ने मामले में बहस सुनने के बाद मोहित को धारा 363 आईपीसी में तीन वर्ष का कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड व धारा 366 आईपीसी में चार वर्ष का कारावास व 3000 रुपये का अर्थदण्ड व धारा 376 आईपीसी में 10 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

## रिक्शा से हजारों की बैटरी चोरी

**शाहपुर, 05 सितम्बर (बु.)।** तितावी थानाक्षेत्र के गांव ढिंढावली निवासी राजीव ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह गांव कुटबी निवासी किसान जगदीश के खेत में गन्ने की फसल बांधने के लिए अपनी ई रिक्शा लेकर आया था। उसने अपनी ई-रिक्शा गांव के ही जयवीर के घेर में खड़ी कर दी और वह ईख बांधने चला गया, जब दोपहर को वह वापस लौटा, तो उसे ई-रिक्शा से दो बैटरी गायब मिली। उसने बताया कि दोनों बैटरी हजारों रुपये की कीमत की है। पीड़ित ने कार्यवाही करने की मांग की है।

## गौकशी करते पति, पत्नी व बेटी गिरफ्तार, पांच लोग फरार

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** पुलिस ने गौकशी की सूचना पर छापा मारकर एक व्यक्ति को उसकी पत्नी व पुत्री समेत गिरफ्तार कर लिया। छापे के दौरान पांच लोग भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। गौकशी की सूचना पर रतनपुरी पुलिस ने साबिर पुत्र फत्ता निवासी नंगला के मकान पर छापा मारा। पुलिस के छापे से वहां गौकशी कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को दबोच लिया। वहां से पांच लोग भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मौके से गौमांस करने के साथ साबिर पुत्र फत्ता, सुलेखा उर्फ मंजू पत्नी साबिर तथा मुस्कान पुत्री साबिर निवासी नंगला को गिरफ्तार किया गया। इसके सम्बन्ध में गौवध अधिनियम पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनसार छापे के दौरान पांच लोग गुलबहार पुत्र युसुफ, गुलबहार पुत्र जाहिद, नौशाद पुत्र तैमूर, नसरीन पत्नी गुलबहार तथा माजिद पुत्र साबिर नंगला थाना रतनपुरी फरार हो गए।

# शनिवार में भक्तों के कल्याण को नगर भ्रमण पर आ रहे गणपति

## गणपतिधाम मंदिर परिवार ने की भव्य शोभायात्रा की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच शनिवार के दिन विघ्नविनाशक भगवान गणपति जी महाराज स्वर्ण रथ पर आरुढ़ हो अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। श्रीगणपतिधाम खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से गणपति बप्पा रथयात्रा की भव्य तैयारियां की हैं। शनिवार से शुरू होने वाला उत्सव 15 सितम्बर तक धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान श्री गणेश जी का जन्म महोत्सव पर श्रीगणपति धाम खाटू श्याम मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक गर्ग ने मीडिया से वार्ता के दौरान इस वर्ष आयोजित होने वाले गणपति जन्मोत्सव कार्यक्रम के बारे में बताया कि अग्रपूज्य पार्वती नन्दन व सिद्धिविनायक श्री गणपति के जन्मोत्सव पर इस वर्ष 7 सितम्बर से 15 सितम्बर तक श्री गणपति धाम खाटू श्याम मन्दिर परिवार भरतिया कालोनी मंदिर प्रागंण में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बीच गणपति जी का नयनाभिराम स्वर्ण श्रृंगार, 56 भोग व भगवान गणपति जी का रजत पालना इस उत्सव के विशेष आकर्षण होंगे। मन्दिर को मनमोहक लाईट, फूलों से सजाया जा रहा है। शनिवार 7 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से विशाल शोभायात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर परम्परागत मार्ग से नवीन मंडी गुड मंडी होते हुए राजबाहा रोड़ से मुनीम कालोनी, नई मंडी बड़े डाकखाने के सामने से गौशाला रोड़, नंदी स्वीटस के बराबर से पुरानी गुड मण्डी, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार, मेहता क्लब, वकील रोड़, चौड़ी गली, गौशाला रोड़ से होकर भोपा पुल, मालवीय चौक, अंसारी रोड, नावल्टी चौक, शिवचौक, टाउन हाल रोड़ से मालवीय चौक होते हुए सिविल लाइन्स थाने के सामने से पचैंडा रोड़, रेलवे ओवर ब्रिज, गांधी कालोनी, लक्ष्मीनारायण मन्दिर होकर मुख्य मार्ग से वापस पचैंडा रोड़ द्वारिकापुरी, भोपा रोड़ पुल के बराबर से होते हुए वकील रोड से नई मंडी बिजलीघर होते हुए वापस मंदिर पर सम्पन्न होगी। श्री गणपति धाम मन्दिर परिवार शोभायात्रा के मार्ग को तोरणद्वारों व झंडों से सजाने में लगा है। महोत्सव के विशेष आकर्षण में खाटू श्याम जी का विशाल रथ, 12 झाँकियां, 5 बैंड, ढोल ताशे, 2 रथ, 2 आतिशबाजी, 2 डीजे, 2 टैम्पू, गंगा अवतरण, देशभक्ति झांकियों का आकर्षण भक्तों को मोहपाश में बांधने वाली होगी।

अनिल गोयल ने बताया कि महोत्सव की कड़ी में 8 सितम्बर सायं 7 बजे बधाई उत्सव और 10 सितबंर सायं 6 बजे से सुन्दर कांड पाठ व 11 सितबंर राधाष्टमी सायं 7 बजे मंदिर प्रांगण में मनाया जायेगा। इसके अलावा मंदिर में 7 से 15 सितम्बर तक दैनिक पूजा अर्चना प्रातः 8 बजे व सायं 7 बजे विद्वान आचार्यों द्वारा की जायेगी व प्रतिदिन सायं 7 बजे से 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। यह महोत्सव 15 सितम्बर को खतौली में गंगनहर में भगवान श्री गणपति जी के विसर्जन के बाद विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न होगा। इस दौरान चाचा जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोमप्रकाश कुच्छल, अम्बरीश सिंघल, विनोद राठी, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, रजत राठी, नीरज गोयल, अमित गोयल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शुभम तायल, अंकित अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, तुषार गर्ग, यश गर्ग आदि उपस्थित रहे।



## शेष - शिक्षा आत्मविजय की प्रक्रिया है, शिक्षक अंधकारमय जीवन में उजाले की किरण

आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुडी रही हूँ और इन 70 वर्षों में मैंने महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन देखा है। यह बदलाव कृषि, पशुपालन सहित विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई देता है। उन्होने कहा कि आज महिलाएं वैश्विक स्तर पर आगे बढ चुकी है, अब उनको आगे बढने के लिए प्रेरित करना चाहिए न कि उनकी महत्वकांक्षाओं को दबाया जाना चाहिए। इस संदर्भ में उन्होने गुजरात की मुख्यमंत्री रहते हुए महिलाओं की बेहतरी के लिए किए गये कार्यों का उल्लेख किया। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सराहना करते हुए कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए वह निरंतर सोचते हैं और भारत युवाओं का देश है। जहां पर 35 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। इस सपने को साकार करने के लिए सोच बदली है। आने वाले 25 वर्षों में जब हम देश की आजादी की शताब्दी मना रहे होंगे तब भारत विकसित राष्ट्र होगा। लेकिन यह विकास तभी माना जाएगा जब प्रत्येक आमजन को जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास उपलब्ध हो तथा विकास समग्र हो। उन्होने कहा कि सभी को यह संकल्प करना चाहिए कि गरीबी दूर हो। 2014 से अब तक 25 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके है। माननीय राज्यपाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए आवश्यक है कि युवाओं के कौशल को विकसित किया जाए। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ऋण दिए जाएं। इनको दिशा देने की जिम्मेदारी सरकारों, मंत्रियों एवं अधिकारियों की है। उन्होने कहा कि सुदूर क्षेत्रों के विकास के लिए बिचौलियों को दूर किया जाना आवश्यक है और यह काम आज उपलब्ध तकनीक के माध्यम से हम कर पा रहे हैं। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डॉ0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन को महान शिक्षाविद् बताते हुए सभी को शिक्षक दिवस के अवसर पर बधाई दी। उन्होने कहा कि शिक्षक बच्चों को दिशा देने का कार्य करता है और मैं स्वयं भी राज्यपाल नहीं बल्कि शिक्षक हूँ। मुझे राज्य स्तर पर एवं राष्ट्रपति महोदय द्वारा बेस्ट शिक्षक का अवार्ड मिल चुका है। इसलिए मैने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बुलाया है। शिक्षा आत्मविजय की प्रक्रिया है। शिक्षक अंधकारमय जीवन में उजाले की किरण है। शिक्षक को सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए। शिक्षा में गुणवत्ता एवं गहराई होनी चाहिए। हम जो भी सीखते है उसका उपयोग होना चाहिए। उन्होने कहा कि आंगनवाडी कार्यकत्रियों का कार्य माँ से भी बढकर है। यह कार्यकत्री 20 से 25 बच्चों का कार्य मातृत्व के भाव से करती है। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गये कार्यों की सराहना की। उन्होने कहा कि हमारे प्राचीनतम विश्वविद्यालय नालन्दा एवं तक्षशिला शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध थे। यहां पर विदेशों से छात्र अध्ययन के लिए आते थे। इसका पुनरूद्धार माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जाना उनकी सोच को प्रदर्शित करता है। उन्होने सरकार द्वारा शिक्षा के लिए बजट में उपलब्ध कराए गए 1.48 लाख करोड़ का उल्लेख किया जोकि शिक्षा के क्षेत्र में अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। उन्होने कहा कि यूजीसी में 19025 करोड़ का प्राविधान किया गया है। माननीय राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पीएम उषा योजनान्तर्गत 1414 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया हैं। जिसमें से यूपी के 05 विश्वविद्यालयों को 100-100 करोड़ रुपए तथा 02 विश्वविद्यालयों को 20-20 करोड़ रुपए मिले हैं। कुलपति महोदया द्वारा यह भी कहा गया कि सभी विश्वविद्यालयों को एनआईआरएफ में जाना है तो हर वर्ष डाटा तैयार करना होगा। उन्होने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए अपनी माँ के नाम पर एक पेड अवश्य लगाओ। जिसके अन्तर्गत आज करोड़ो पेड लगाए जा रहे है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की महासचिव प्रो0 श्रीमती पंकज मित्तल ने कहा कि माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालयों को निरंतर माँ का स्नेह, पिता का अनुशासन एवं गुरू की तरह दिशा निर्देश मिलता रहता है। उन्होने कहा कि वर्तमान में पढने और पढाने के तौर तरीकों को बदलने की आवश्यकता है। डिग्री से ज्यादा स्किल की जरूरत है। अपनी जिज्ञाशाओं को बनाए रखें और सीखना तथा सोचना निरंतर जारी रखें। माननीय उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी मा0 राज्यमंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश व विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी तिवारी जी ने अपने संबोधन में शिवालिक की तलहटी और यमुना नदी के प्रवाह क्षेत्र में स्थित मां शाकुंभरी देवी विश्व विद्यालय के उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य में विश्वविद्यालय की गरिमा तथा देश की प्रगति में नये कीर्तिमान स्थापित करें और निरन्तर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय एक नया विश्वविद्यालय है। स्थापना के तीन वर्ष से भी कम अवधि में विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षान्त समारोह आयोजित हो रहा है। किसी भी संस्थान के लिए उसके छात्र ही उसके ध्वज वाहक होते हैं। क्योंकि यही छात्र जब सफल होकर बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री या प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवा देते हैं तो कहीं ना कहीं उस संस्थान को भी उसकी सफलता के साथ याद किया जाता है। इस अवसर पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ की महासचिव प्रो0 पंकज मित्तल, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, राज्यमंत्री संसदीय कार्य श्री जसवंत सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मांगेराम चौधरी, कुलपति माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय प्रो0 एच0एस0सिंह, कुलसचिव श्री वीरेन्द्र कुमार मौर्य सहित विश्वविद्यालय का स्टाफ, आंगनवाडी कार्यकत्री, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आज बंद रहेगी गांधी कालोनी की विद्युत आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** विद्युत तारों के रखरखाव व जर्जर तारों को बदलने के साथ सुरक्षा कारणों से शुक्रवार को 33/11 केवी गांधी कॉलोनी उप विद्युत केंद्र की 33 केवी लाइन पर आ रहे पेड़ों की छटाई करने के कारण बिजली घर के सभी 11केवी फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से व्यवस्था में सुधार की दिशा में जारी प्रयासों के बीच शुक्रवार को सुबह 9 बजे से 10 तक होने वाली असुविधा के बीच गांधी कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी व भोपा रोड के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## बिजली विभाग में घोटाले की जांच को टीम पहुंची

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** कांवड यात्रा के दौरान की गई इन्सुलेटिड शीट एवं ट्रांसफार्मरों की बेरीकेडिंग में विद्युत विभाग की सांठगांठ से लाखों की लूट के आरोपों की जांच के लिए आज उच्च स्तरीय टीम जांच के लिए यहां पहुंची। शिकायतकर्ता सचिन त्यागी ने इसे लेकर आरोप लगाए गए थे। इसके बाद पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन द्वारा गठित जांच कमेटी की मेरठ की टीम ने आज मुजफ्फरनगर आकर शिकायतकर्ता से मिलकर जानकारी प्राप्त की। इसके बाद टीम अधिकारियों से पूछताछ करेगी।

# तालाब में मछलियों की मौत, लाखों का नुकसान

**मोरना, 05 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव करेहड़ा को जैसे नजर लग गयी है। गांव में लगातार आपराधिक घटनाओं का सिलसिला जारी है। गांव के तालाब में अचानक मछलियों की मौत से सनसनी फैल गयी है। मछली का पालन करने वाले मजदूर ने तालाब में जहरीला पदार्थ डालने की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव करेहड़ा निवासी रवि किशोर ने जानकारी देकर बताया कि गांव में तिस्सा मार्ग पर शिव मंदिर के पास स्थित तालाब में उसने मछलियों का पालन किया हुआ है। उसने मछलियों की ब्रिगेड, चाइना, सिल्वर, घासकर व राहु प्रजाति के चालीस हजार बच्चे दो माह पूर्व तालाब में छोड़े थे, जिनकी वर्तमान में कीमत लगभग 7 लाख रुपए थी गुरूवार की सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया, जिससे मछलियां मरने लगीं। पीड़ित ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान अमित राठी को दी। ग्राम प्रधान ने मौके पर जाकर पीड़ित को ढांढस बंधाया व हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



# डम्फर चालक व हैल्पर को भीड़ के बीच मारपीट किया घायल

## मारपीट की घटना सी सी टी वी कैमरे में हुई कैद

**मोरना, 05 सितम्बर (बु.)।** बाइक चालकों ने दबंगई का प्रदर्शन करते हुए डम्फर को रोककर उसके चालक व हैल्पर के साथ सरे आम मारपीट की घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पीड़ितों ने तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना व गांव सिखेड़ा निवासी मौ.नईम बुधवार की शाम मोरना से ट्रक अथवा डम्फर लेकर भोकरहेडी जा रहा था। जैसे ही वह ईंट भट्ठे के पास पहुंचा तभी पीछा कर रहे तीन बाइक सवारों ने लगातार हॉर्न बजाना शुरू कर दिया व कॉलिज के पास बराबर में आकर गाली गलौज की तथा कस्बे के बस स्टैंड के पास बाइक को ट्रक के सामने खड़ा कर दिया। ट्रक के रुकते ही बाइक सवार तीनों युवकों ने डाइवर को ट्रक से नीचे खींच लिया तथा लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। हैल्पर मौ. कबीर ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। वहां पर खड़े व्यक्तियों ने मारपीट करने से युवकों को रोका तो युवक कबीर के साथ भी मारपीट की व नईम को दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहा से चले गये। घायलों को उपचार के लिये भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया। देर शाम पीडितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मारपीट की घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बस स्टैंड पर घटित हुई मारपीट की घटना को लेकर दुकानदारों ने बस स्टैंड पर स्थाई पुलिस चौकी के निर्माण की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर शान्ति भंग की कार्रवाई की गई है।



## छपार में बाइक सवार युवक की हार्टअटैक से मौत

**छपार, 05 सितम्बर (बु.)।** छपार हाईवे पर बाइक से मुजफ्फरनगर जा रहे युवक की मौत हो गई। थाना पुरकाजी क्षेत्र के लखनौती गांव निवासी 30 वर्षीय अमित पुत्र जौहर पाल दोपहर तीन बजे के लगभग किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर जा रहा था, जब वह छपार पहुंचा, तो उसके सीने में तेज दर्द हुआ। इस दौरान वह एक प्राईवेट चिकित्सक की दुकान पर दवा लेने के लिए रूका, और नीचे गिर गया। वही उसकी मौत हो गई। सूचना पर छपार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुलिस का कहना है कि संभवतय हार्ट फेल होने से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पस्ट होगी।